
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



श्री CONSULTANCY
Confused after NEET Get Help
Fulfill your Dream of Becoming Doctor
Call us for Admission Guidance for 23-24 MD/MS/MBBS & MDS/BDS
• TOP MEDICAL Colleges of INDIA
• Management Quota Seat
• NRI Quota Seat
Get Enrolled (Call/whatsapp)
89599-94444

Laxmi Jewellers, Opp.Tanishq Showroom, Durg (C.G.)



वर्ष- 14 अंक - 284 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 27 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
8 से 10 हजार रुपए तक वेतन
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659


### दुर्ग जिले की इकलौती सीट जिस पर है हर किसी की नजर

# सबको चाहिए वैशाली नगर से टिकट!

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** यूं तो चुनाव लड़ने वाला प्रत्येक व्यक्ति यही अपेक्षा रखता है कि वह जीत रहा है। यह तो नतीजे ही बताते हैं कि लड़ने वाले को क्या मिला? लेकिन दुर्ग जिले में एक ऐसी भी सीट है, जहां से चुनाव लड़ने को हर कोई सिर्फ इसलिए लालायित है, क्योंकि उन्हें लगता है कि टिकट मिलते ही जीत पक्की है। जिले की वैशाली नगर सीट को भाजपा मानसिकता वाला क्षेत्र माना जाता है। यहां अब तक हुए कुल 4 चुनाव के नतीजे भी इसकी गवाही देते हैं। 2018 के बाद छत्तीसगढ़ की राजनैतिक आबोहवा बदली है और इसका प्रभाव भी वैशाली नगर में देखने को मिल रहा है। बावजूद इसके हर भाजपाई को यही लगता है कि बस टिकट मिलना ही काफी है, जीत तो पहले से ही तय है। बता दें कि यहां से कई बड़े नामों के साथ ही वार्ड स्तर के लोग भी स्वयं को टिकट का दावेदार बता रहे हैं। ऐसे लोग भी सक्रिय हैं, जिन्होंने कभी पार्षद पद का भी चुनाव नहीं लड़ा।



वैशाली नगर विधानसभा का मैदान फिलहाल पूरी तरह साफ है। यहां के विधायक विद्यारतन भसीन के दिवंगत होने और चुनाव के कम वक्त बचने की वजह से फिलहाल यह सीट खाली है। परिसीमन के बाद 2008 में पहली बार हुए चुनाव में क्षेत्र के नागरिकों ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए सरोज पाण्डेय को 21,267 मतों से जीत दिलाई थी। हालांकि अगले ही साल 2009 में यहां उपचुनाव की नौबत इसलिए आ गई क्योंकि सरोज ने लोकसभा चुनाव जीतकर, विधानसभा की सदस्यता छोड़ दी थी। सरोज पाण्डेय के इस फैसले की नकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई, जिसके चलते उपचुनाव में कांग्रेस के भजनसिंह निरंकारी ने करीब 1200 मतों से विजय हासिल की। 2013 में यहां से भाजपा ने पहली बार विद्यारतन भसीन को उतारा तो कांग्रेस ने अपने विधायक भजनसिंह निरंकारी को। इस चुनाव में भसीन ने 24,448 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

2018 में भी भसीन, कांग्रेस प्रत्याशी से 18,080 मतों के अंतर से जीते। इस तरह उपचुनाव समेत कुल 4 चुनावों में से 3 बार भाजपा को जीत हासिल हुई।

### कांग्रेस में इन पर नजर

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, इसलिए कांग्रेस के टिकट दावेदारों को भी इस सीट में अपने लिए संभावनाएं दिखने लगी है। महिला दावेदारों की बात करें तो कुछ नाम चर्चा में हैं। इनमें तुलसी साहू, नीता लोधी व एक महिला पार्षद के नाम प्रमुखता से लिए जा रहे हैं। तुलसी साहू भिलाई जिला कांग्रेस की अध्यक्ष रह चुकीं हैं। एक समय वे सीएम भूपेश बघेल के सबसे करीबी लोगों में थीं। विगत 2018 के चुनाव में उन्हें टिकट मिलते-मिलते रह गई थी। इसके बाद राज्यसभा की सीट के लिए भी उनका नाम चला था। तब तुलसी साहू धार्मिक यात्रा पर थीं, जिसे छोड़कर आनन-फानन में रायपुर पहुंचीं थीं। उनके अलावा नीता लोधी भिलाई की पहली महापौर रह चुकी हैं। वर्तमान में अंत्यावसायी, सहकारी व वित्त विकास निगम में उपाध्यक्ष और राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त है। संगठन में भी उनके काम की सराहना हुई थी। इनके अलावा एक महिला पार्षद का नाम भी लिया जा रहा है, जो काफी समय से सक्रिय हैं।



### भाजपा से भी आए कई नाम

इधर, भाजपा की ओर से यह बातें सामने आ रही है कि वैशाली नगर से महिला प्रत्याशी उतारने पर जीत की संभावना बढ़ जाएगी। इसी के मद्देनजर यहां भी कई महिला दावेदार चंदन तिलक लगाकर तैयारियों में जुट गई हैं। वैसे तो कई नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन संगीता शाह और पूर्व महापौर निर्मला यादव के नाम प्रमुखता से लिए जा रहे हैं। कई लोग निर्मला यादव के नाम पर आश्चर्य जाहिर कर रहे हैं, लेकिन यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि श्रीमती यादव 2018 में ऐन चुनाव के वक्त कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गईं थीं। उसके बाद से पार्टी उनके अनुभवों का सही उपयोग नहीं कर पाई है। वहीं संगीता शाह के सीधे सम्पर्क दिल्ली से बताए जा रहे हैं। चर्चा तो यहां तक कि संगीता को आलाकमान से हरी झंडी भी मिल चुकी है। हालांकि अब तक स्पष्ट कुछ भी नहीं है।

### महिलाओं में हो सकती है टक्कर


वैसे तो वैशालीनगर में टिकट के दावेदारों की कमी नहीं है, लेकिन दोनों पार्टियों की ओर से मिल रहे संकेत बताते हैं कि वैशाली नगर में इस बार महिलाओं की जंग होने के आसार ज्यादा है। वैसे भी, यहां हुए पहले विधानसभा चुनाव में एक महिला ने ही जीत का परचम लहराया था। इस बार भी दोनों ही पार्टी की महिला दावेदारों को मतदाताओं से ऐसी ही अपेक्षा है। टिकट मिलना, न मिलना पार्टी के निर्णय पर निर्भर है, किन्तु महिला दावेदारों ने अपने-अपने स्तर पर तैयारियां काफी पहले से ही शुरू कर दी थी। कांग्रेस के मुकाबले भाजपा में दावेदारों की भरमार है। हालांकि कांग्रेस से टिकट के दावेदारों की कतार भी कम नहीं है। कई दीगर क्षेत्रों के दावेदार भी यहां से दावेदारी के मूड़ में हैं। कई तो बोरिया-बिस्तर लेकर किराए के मकान में भी शिफ्ट हो चुके हैं, ताकि उन पर बाहरी टैग न लगे।

### पुरूष दावेदारों की संख्या बेहिसाब

इधर, दोनों ही दलों में पुरूष दावेदारों की संख्या भी कम नहीं है। इस मामले में एक अनार-सौ बीमार वाले हालात हैं। कई लोग स्वयं को सीएम का खास बताकर अपनी टिकट पक्की बता रहे हैं तो कई तो लगता है कि संगठन में काम करने का उन्हें ईनाम जरूर मिलेगा। पार्षद चुनाव लड़ चुके कई नेता भी टिकट के जुगाड़ में हैं।

## खास - खबर

### पूर्व सांसद रणविजय सिंह की गाड़ी पर पत्थरों से हमला, बाल-बाल बचे



**जशपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने अपने निजी गाड़ी पर पत्थर से हमला करने की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी ने बताया कि मामले मे अपराध दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

रणविजय सिंह जूदेव ने बताया बुधवार को वे अपने निजी वाहन से ओड़िशा के राऊरकेला से जशपुर की ओर से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रात लगभग साढ़े 11 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के गम्हरिया के पास स्थित वन विभाग के लकड़ी डिपो के पास उनकी गाड़ी में अज्ञात लोगों ने पत्थराव किया। पत्थर लगने से गाड़ी के सामने का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद वाहन में मौजूद सुरक्षा गार्ड ने उतर कर आस पास हमलावरो की खोजबीन की लेकिन कोई दिखाई नहीं दिया। जूदेव ने बताया की घटना में किसी को चोट नहीं आई है। उन्होंने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि इस तरह की घटना सुरक्षा व्यबस्था पर सवाल उठता है।

### बीए, बीकॉम, बीएससी की पूरक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 31 जुलाई है अंतिम तारीख

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू है। बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीपीई जैसे पाठ्यक्रमों में पूरक की पात्रता रखने वाले छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक सामान्य शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। वहीं एक से छह अगस्त तक अभ्यर्थी 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन सर सकते हैं।बीए, बीकाम के लिए पूरक परीक्षा की शुल्क 820 रूपये, बीएससी, बीसीए के लिए 1,075 और बीपीई के लिए 1,120 रूपये निर्धारित की गई है।पूरक परीक्षाएं अगस्त में होगी, विश्वविद्यालय प्रबंधन पूरक परीक्षाओं के लिए जल्द समय सारणी जारी करेगा।

## लेबर कैंप में पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा पति, कांसे के लोटे से सिर पर किए कई वार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के जामुल थाना क्षेत्र में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना बुधवार रात की है। पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था और आए दिन इसके लिए दोनों के बीच विवाद होता था। बीती रात भी इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और पति ने अपनी पत्नी के सिर पर लोटे से वार कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार यह घटना जामुल थाना क्षेत्र के लेबर कैंप भागवत नगर की है। यहां रहने वाले देव साहू ने अपनी पत्नी चमेली साहू की हत्या कर दी। देव साहू अपनी पत्नी पर शक करता था। उसे लगता था कि उनकी पत्नी किसी दूसरे व्यक्ति के संपर्क में है। दोनों को बीच इसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता था। बुधवार रात में दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद गुस्से में आए देव साहू ने लोटे से अपनी पत्नी के सिर पर कई बार वार कर दिया, जिससे पत्नी की मौत हो गई।

घटना के बाद आरोपी पति ने खुद थाना पहुंचकर सरेंडर कर दिया। आरोपी ने पुलिस बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जामुल पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद घटना हुई है। आरोपी ने लोटे से पत्नी पर कई वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी देव साहू को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## मणिपुर हिंसा : एक और याचिका, एससी ने लगाई लताड़, कहा- इस मुद्दे पर पहले से ध्यान

**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा को लेकर लोगों में लगातार गुस्सा है। गुरुवार को इसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दी गई। इस पर पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछ लिया कि अदालत में पहले से ही इस मुद्दे पर गौर किया जा रहा है, तो एक और याचिका की क्या आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष अपनी याचिका का उल्लेख करने को कहा।



दरअसल, याचिकाकर्ता ने मणिपुर में यौन उत्पीड़न और हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के तहत एक स्वतंत्र समिति के गठन की मांग की है। मामले को न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने के लिए उल्लेखित किया गया था। गुरुवार को सीजेआई चंद्रचूड़ अदालत में नहीं आए थे।

याचिका दायर करने वाले वकील विशाल तिवारी ने पीठ को बताया कि मणिपुर हिंसा से संबंधित मुद्दे को उठाने वाली लंबित याचिकाएं शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि उनकी याचिका को भी संबंधित मामले के साथ शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

## छत्तीसगढ़ में फिर शुरू होगी जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन की हड़ताल, एक अगस्त से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** जनवरी माह में मेकाज के पीजी, पीजी बोंडेड (स्ष्ठ/स्स्) डॉक्टर, पोस्ट एमबीबीएस बॉन्डेड डॉक्टर्स और इंटर्न के द्वारा स्टाइपेंड में बढ़ोतरी को लेकर हड़ताल की थी। जिसके बाद उन्हें आश्वासन मिला था। लेकिन उनकी मांगे पूरी होता ना देख एक बार फिर से डॉक्टरों के द्वारा हड़ताल का एलान किया गया है। जिसमें पहले हफ्ते काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे, उसके बाद भी मांग पूरी नहीं होती है तो 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगी। इस मामले को लेकर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजे जाने की बात कही है।





मामले के बारे में छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के डॉक्टरों ने बताया कि 25 जनवरी 2023 को समस्त चिकित्सा विद्यालय के छात्रों ने पीजी, पीजी बॉन्डेड डॉक्टर, पोस्ट एमबीबीएस बॉन्डेड डॉक्टर्स और इंटर्न के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी हेतु शांतिपूर्ण आंदोलन किया था। मुख्यमंत्री ने उस समय आश्वासन दिया था कि हमारी मांगों पर एक त्वरित निर्णय लिया जाएगा, लेकिन 6 माह के उपरांत भी स्टाइपेंड में बढ़ोतरी के विषय में शासन की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया।

## नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में राजनांदगांव ने मारी बाजी

### कृषि और जल संसाधन के क्षेत्र अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए देश में तीसरे स्थान पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र के लिए जारी डेल्टा रैंकिंग में राजनांदगांव जिले को देश में तीसरा स्थान मिला है। नीति आयोग द्वारा इस उपलब्धि के लिए चैम्पियन ऑफ चेंज के तौर पर राजनांदगांव जिले की सराहना की गई है।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला प्रशासन और पंचायत, कृषि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में जिले में उत्कृष्ट कार्य हुए है। नीति आयोग द्वारा जारी इंडिकेटर्स जैसे माईक्रो इरिगेशन से रकबे में वृद्धि, मनरेगा अंतर्गत तैयार जल स्त्रोत, पशुओं के टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा कृषि उत्पादकता में बढ़ोत्तरी कर राजनांदगांव जिले ने यह सफलता हासिल की है।

उल्लेखनीय है कि मई 2023 में जारी डेल्टा रैंकिंग में देश के सबसे विकसित आकांक्षी जिलों में राजनांदगांव जिले ने तीसरा स्थान हासिल किया है। राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं जैसे- सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं से जिले में कृषि एवं नवीनतम तकनीक से किसानों में खुशहाली आयी है। वहीं जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी नवाचारी पहल से अच्छे परिणाम प्राप्त हुए है।

## जात भी गंवाई और भात भी नहीं मिला

श्रीकंचनपथ न्यूज




सामाजिक शोषण और उत्पीड़न से बचने के लिए पंथ बदलने वाले अधिकांश लोगों पर यह कहावत लागू होती है। जात भी गंवाई और भात भी नहीं मिला। यह बात पसमांदा मुसलमानों पर भी लागू होती है। इस्लाम भारत में शासकों का मत या पंथ रहा है। मुगल शासनकाल में बड़ी संख्या में देश के दलित समुदाय के लोग इस्लाम को मानने लगे। उन्हें लगा था कि इस्लाम को अपनाने के बाद उनका भी सम्मान बढ़ेगा, सामाजिक स्थिति बदलेगी। पर ऐसा कुछ हुआ नहीं। वो यहां भी दलित थे और वहां भी दलित ही बने रहे। इन्हें पसमांदा मुसलमान कहा जाता है। देश के मुस्लिम आबादी में इनकी संख्या 85 प्रतिशत है। दरअसल, भारतीय मुस्लिम समाज हिन्दू समाज का ही क्लोन वर्जन है। पश्चिम या मध्य एशिया से आने वाले मुसलमानों में सैयद, शेख, मुगल, पठान आदि आते हैं. भारत में सवर्ण जातियों से मुस्लिम बनने वालों को भी उच्च वर्ग में शुमार किया जाता है। इन्हें मुस्लिम राजपूत, तागा या त्यागी मुस्लिम, चौधरी या चौधरी मुस्लिम, ग्रहे या गौर मुस्लिम, सैयद ब्राह्मण जैसे उपनाम मिलते हैं। पर बड़ी संख्या में मतांतरित निचली या पिछड़ी जाति के लोगों को वहां भी हेय दृष्टि से ही देखा जाता है। इनमें कुंजरे (राइन), जुलाहा (अंसारी), धुनिया (मंसूरी), कसाई (कुरैशी), फकीर (अल्वी), हज्जाम (सलमानी), मेहतर (हलालखोर), ग्वाला (घोसी), धोबी (हवाराती), लोहार-बढ़ाई (सैफी), मनिहार (सिद्दीकी), दर्जी (इदरीसी), वनगुर्जर, आदि शामिल हैं। इन्हें ही पसमांदा कहा जाता है. लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भाजपा इन्हीं पसमांदा मुसलमानों को साधना चाहती है। देश भर के मुस्लिमों को भाजपा से जोड़ने के लिए चलाया जा रहा मोदी-मित्र अभियान अब छत्तीसगढ़ पहुंच चुका है। पार्टी का दावा है कि पिछले एक माह में उसने यहां 3000 से ज्यादा मोदी-मित्र बना लिये हैं। जिन पांच लोकसभा सीटों में यह मुहिम शुरू की गई है, उनमें रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, सरगुजा और बस्तर संसदीय क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा पसमांदा मुस्लिमों को साधने के लिए 27 जुलाई को दिल्ली से स्नेह-यात्रा निकल रही है। यह यात्रा दिल्ली से शुरू होकर उड़ीसा से होते हुए छत्तीसगढ़ भी आएगी. भाजपा की इस कोशिश को लेकर पसमांदा समाज के मुखिया खुश नहीं हैं। 'पसमांदा मुस्लिम महाज' के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मानना है कि पसमांदा मुसलमानों का विकास पांच किलो गेहूं-चावल से नही हो सकता। इनका मर्ज अलग है, इसलिये दवा भी अलग होनी चाहिए. 80 फीसदी आबादी वाला पसमांदा मुसलमान वर्ष 1950 से ठगा जा रहा है जब संविधान के अनुच्छेद 341 पर पाबंदी लगा दी गई थी. पहले उन्हें लगा था कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच अलग है। राहत जरूर मिलेगी। पर एक साल बीत गया और सरकार अब भी केवल पिछली सरकारों को कोस रही है। कोई कार्ययोजना नहीं बनी। स्नेह यात्रा को भी समाज एक मजाक ही समझता है। उन्हें सरकार से किसी ठोस योजना की उम्मीद है, ताकि पसमांदा समाज को उसके हिस्से का सम्मान प्राप्त हो सके।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....

LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे
शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers

Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# अविश्वास का प्रस्ताव

लोकसभा में जारी गतिरोध के बीच अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है, इससे जहां राजनीतिक पार्टियों को अपनी बात रखने का पूरा मौका मिलेगा, वहीं आगे संवाद के लिए राह खुलेगी। दोनों ही पक्ष अपने-अपने हिसाब से बहस या चर्चा चाह रहे थे और अब संविधान व नियम-कायदे के तहत चर्चा की स्थिति बन गई है। आज की स्थिति में संसद को किसी भी तरह से हंगामे से बाहर निकालना जरूरी हो गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए विपक्षी दल के सदस्यों के नोटिस को मंजूर कर लिया है। नियमों के तहत पूर्वोत्तर के ही राज्य असम से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बुधवार सुबह 9:20 बजे ही नोटिस सौंप दिया था, जिसे नियम के तहत ही लोकसभा अध्यक्ष ने मंजूर किया है। वैसे संसद में गतिरोध या विपक्ष का हठ कोई नई बात नहीं है और यह सुखद है कि संसद के नियमों में इस बात की पर्याप्त गुंजाइश रखी गई है कि सरकार को जवाब देने के लिए विवश किया जा सकता है। खास बात यह है कि सत्ता पक्ष संख्या बल में बहुत आगे है और मतदान की स्थिति में सरकार पर किसी भी तरह का कोई खतरा नहीं है। आमतौर पर यही देखा गया है कि सरकार के अल्पमत में होने की आशंका के समय विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाता है, पर अभी विपक्ष का लक्ष्य मणिपुर पर जवाब मांगना है। वैसे देखा जाए, तो मणिपुर पर सरकार की ओर से लगातार कोई न कोई जवाब आ रहा है, पर विपक्ष को प्रधानमंत्री के जवाब का इंतजार है। इसमें कोई दोराय नहीं कि प्रधानमंत्री का हर विषय पर जवाब देना जरूरी नहीं है, अनेक मौकों पर चुप्पी बरतने वाले प्रधानमंत्री भी इस देश में रहे हैं। फिर भी विपक्ष या सदन के किसी भी सदस्य को यह हक है कि वह सीधे प्रधानमंत्री से जवाब मांगे। दूसरी बात, इसमें भी कोई दोराय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय देश के सबसे मजबूत नेता हैं। ऐसे में, सीधे उन्हें घेरने की विपक्ष की कोशिश सियासत का हिस्सा हो सकता है और ऐसा इस देश में पहले भी हुआ है। फिर भी कुल मिलाकर, इस देश में किसी से जवाब मांगने के अधिकार की रक्षा सरकार का एक लोकतांत्रिक दायित्व है। इसमें कोई शक नहीं कि नया विपक्षी गठबंधन इन दिनों काफी सक्रिय है। अनेक दल, जो अलग-अलग अप्रभावी थे, साथ आकर प्रभावी हो गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव की रणनीति भी 'इंडिया' नामक विपक्ष की पहली सफलता मानी जा सकती है। विपक्ष कैसे मिलकर सत्ता पक्ष पर निशाना साधता है, यह देखने वाली बात होगी। ध्यान रहे, 20 जुलाई, 2018 को नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव आया था और नाकाम रहा था। उस चर्चा के दौरान नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के व्यवहार को लोग अभी भूले नहीं हैं। जब चर्चा होगी, तो नेताओं के व्यवहार पर आम लोगों की नजर रहेगी। जहां विपक्ष को पूरी गंभीरता और नियम-कायदों की पालना के साथ ताकतवर दिखना है, वहीं सत्ता पक्ष के पास ऐसे जवाब होने चाहिए कि विपक्ष संतुष्ट या निरुत्तर हो जाए। हालांकि, जब चुनाव करीब हैं, तब दोनों पक्ष एक-दूसरे की कमियां ही ज्यादा उजागर करेंगे। एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश होगी, लेकिन अंततः कठघरे में वही बचा रह जाएगा, जिसके पास सत्य, तथ्य और तर्कों की कमी होगी। उम्मीद है, अच्छी बहस होगी और इससे समाधान निकलेगा।

" फिर भी विपक्ष या सदन के किसी भी सदस्य को यह हक है कि वह सीधे प्रधानमंत्री से जवाब मांगे। दूसरी बात, इसमें भी कोई दोराय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय देश के सबसे मजबूत नेता हैं। ऐसे में, सीधे उन्हें घेरने की विपक्ष की कोशिश सियासत का हिस्सा हो सकता है और ऐसा इस देश में पहले भी हुआ है।

## आग फैल रही है

उत्तर-पूर्व अनेक आदिवासी समुदायों का घर है, जिनमें अपनी अलग पहचान को जताने की प्रवृत्ति बढ़ती चली गई है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मणिपुर में सत्ताधारी पार्टी खुद इस होड़ में शामिल हो गई दिख रही है। जबकि मणिपुर में लगी आग की लपटें दूसरे राज्यों में भी पहुंचने लगी हैं।

मणिपुर में हालात अभी भी उबाल पर हैं, जबकि अब इसकी लपटें मिजोरम को भी झुलसाने लगी हैं। मणिपुर में हिंसा जारी रहने के कारण वहां से मैतेई समुदाय के कई लोगों ने मिजोरम जाकर पनाह ली थी। मिजोरम सरकार ने उनके वहां रहने की व्यवस्था की थी। लेकिन इसी बीच चार मई का वह भयानक वीडियो वायरल हो गया, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्नावस्था में परेड कराते दिखाया गया। इसके बाद से उत्तर-पूर्व के कई आदिवासी समुदायों में गुस्से की खबर मिल रही है। पहले यह खबर आई की नगा समुदाय खफा है। उसकी तरफ से आशंका जताई गई है कि जो कुकी महिलाओं के साथ हुआ, वह उनके समुदाय की महिलाओं के साथ भी हो सकता है। इसी बीच मिजोरम के आदिवासी समुदाय उस वीडियो को देख कर इतना भड़के कि उन्होंने मैतेई समुदाय के लोगों के लिए चेतावनी जारी कर दी कि वे उनके राज्य से चले जाएं। इसका तुरंत असर हुआ। खबर है कि बड़ी संख्या में मैतेई समुदाय के लोग विमान, बस या टैक्सी से मणिपुर की तरफ रवाना हो चुके हैं।

मुद्दा यह है कि जिन हालात के कारण ये लोग अपना घर-बार छोड़ कर गए थे, उनमें मणिपुर में कोई सुधार नहीं हुआ है। इस बीच विवाद दूसरे इलाकों और समुदायों तक फैलने लगा है। उत्तर-पूर्व अनेक आदिवासी समुदायों का घर है, जिनमें अपनी अलग पहचान को जताने की प्रवृत्ति बढ़ती चली गई है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जब निहित स्वार्थी तत्व इन प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहे थे, तब उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की गई। इस बीच ऐसा लगता है कि मणिपुर में सत्ताधारी पार्टी खुद इस होड़ में शामिल हो गई है। कुकी समुदाय से आने वाले खुद इसी पार्टी के विधायकों ने मुख्यमंत्री पर एक समुदाय विशेष की तरफ से काम करने और फैसले लेने का आरोप लगाया है। इससे शिकायतें इतनी गहरा गई हैं कि मसले का हल निकालना और कठिन होता जा रहा है। दूसरी तरफ केंद्रीय नेतृत्व है, जो मणिपुर की घटनाओं की तुलना दूसरे राज्यों की घटनाओं से करने की सियासत में शामिल हो गया है।

## बिहार में क्या कांग्रेस टूटेगी ?

कर्नाटक में 2019 में और मध्य प्रदेश में 2020 में कांग्रेस टूटी थी। दोनों जगह कांग्रेस से टूटे विधायकों की मदद से भाजपा ने सरकार बनाई। उधर 2021 में मेघालय में तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को तोड़ा था। लेकिन उसके बाद किसी भी राज्य में कांग्रेस को तोड़ने का अभियान सफल नहीं हुआ। चाहे वह अभियान भाजपा ने किया हो या किसी और पार्टी ने। राजस्थान में 2020 में ही लग रहा था कि पार्टी टूट जाएगी लेकिन अशोक गहलोत ने पार्टी और सरकार दोनों बचा ली। झारखंड में कई सालों से चल रहा प्रयास असफल रहा है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के टूटने की की अटकलें कई महीनों से चल रही हैं। इसी तरह अब चर्चा है कि बिहार में कांग्रेस पार्टी टूट सकती है। यह चर्चा खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बयान से शुरू हुई। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन महागठबंधन के विधायकों की बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा को निशाना बना कर उनसे पूछा कि क्या वे भाजपा में जाने की सोच रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री को इस बारे में पक्की सूचना है कि कांग्रेस के कुछ विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। इनकी संख्या को लेकर कंफ्यूजन है। यह संख्या 11 से 13 बताई जा रही है। कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि अभी दो-तिहाई संख्या नहीं पूरी हो रही है। यानी 13 विधायक पूरे नहीं हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के साथ साथ जदयू और राजद दोनों के नेता भी कांग्रेस को टूटने से बचाने में लगे हैं।

" शुरुआत में अविश्वास प्रस्ताव के लिए सिर्फ30 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती थी, जिसे बढ़ाकर 50 कर दिया गया। पहली और दूसरी लोकसभा में कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं आया था। तीसरी लोकसभा में 1963 में आचार्य जे बी कृपलानी नेहरू सरकार के खिलाफअविश्वास प्रस्ताव लेकर आए, जिस पर 40 सांसदों ने 21 घंटे से ज्यादा चार दिनों तक लंबी चली बहस में हिस्सा लिया।

# सरकार और विपक्ष के हाथ लगा मौका

विजय त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार

मणिपुर में हिंसा को लेकर नाराज विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की मंजूरी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दे दी है। इस आदेश के साथ ही पांच साल पहले का वह दिन 20 जुलाई, 2018 याद आ गया, जब मोदी सरकार के कार्यकाल में पहले अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी सदन में सामने बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झप्पी देने पहुंच गए थे। उनके इस व्यवहार से सदन चौंक सा गया था और झप्पी देने के बाद लौटते हुए उन्होंने अपने सबसे करीबी मित्र ज्योतिरादित्य सिंधिया को मजाक में आंख मारी थी। तब की लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने उनके इस आचरण को उचित नहीं माना था। जो लोग कुछ देर पहले मोदी से झप्पी को बड़ा राजनीतिक करतब समझ रहे थे, वे भी राहुल गांधी के आंख मारने से हैरान हो गए थे। खैर, वह अविश्वास प्रस्ताव गिर गया था और प्रधानमंत्री मोदी ने तंज में कहा था कि मुझे उम्मीद है, आप 2023 में भी मेरी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे। उनका इशारा था कि 2019 के चुनाव में वह फिर से सत्ता में लौटने वाले हैं। इस बार भी अविश्वास प्रस्ताव पर यदि मतदान होता है, तो सरकार को कोई खतरा नहीं है, पर इस बार की बहस में सदन में राहुल गांधी नहीं होंगे, उनकी सदस्यता समाप्त हो गई है। उनके मित्र ज्योतिरादित्य सिंधिया इस बार प्रधानमंत्री मोदी के पीछे बैठे होंगे। तब लोकसभा में नेता रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब राज्यसभा में होने से चर्चा में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। पिछली बार प्रस्ताव टीडीपी ने रखा था, क्या इस बार वह भी सरकार के खिलाफ जाएगी?



संविधान के अनुच्छेद 75(3) के मुताबिक, मंत्रिमंडल सामूहिक तौर पर लोकसभा के लिए जिम्मेदार होता है और सदन का बहुमत हासिल रहने तक ही वह सरकार में रह सकता है, यानी बिना चुनाव में गए सरकार को गिराने या बाहर करने का ब्रह्मास्त्र अविश्वास प्रस्ताव को माना जा सकता है। पिछले 75 साल में अब तक केवल 27 बार अविश्वास प्रस्ताव सदन में रखे गए, इनमें से केवल दो बार सरकार गिरी है, पहली बार जनता पार्टी की मोरारजी देसाई सरकार 1979 में और दूसरी बार, 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार। पिछली बार 20 जुलाई, 2018 को जो अविश्वास प्रस्ताव राफेल के मसले पर लाया गया था, वह 199 मतों से गिर गया था।

शुरुआत में अविश्वास प्रस्ताव के लिए सिर्फ 30 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती थी, जिसे बढ़ाकर 50 कर दिया गया। पहली और दूसरी लोकसभा में कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं आया था। तीसरी लोकसभा में 1963 में आचार्य जे बी कृपलानी नेहरू सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए, जिस पर 40 सांसदों ने 21 घंटे से ज्यादा चार दिनों तक लंबी चली बहस में हिस्सा लिया। इस बहस के जवाब में प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा कि 'अच्छी बहस रही और इसका फायदा भी हुआ। ...मैं निजी तौर पर इस प्रस्ताव और बहस का स्वागत करता हूं और अच्छा होगा कि समय-समय पर ऐसे 'टेस्ट' होते रहें।' अविश्वास प्रस्ताव पर अब तक की सबसे लंबी बहस लाल बहादुर शास्त्री सरकार के खिलाफ रखे गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई, जो 24 घंटे से ज्यादा चली थी। सबसे ज्यादा कुल 15 अविश्वास प्रस्ताव इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ रखे गए थे।

अविश्वास प्रस्ताव से पहली बार 1979 में जनता पार्टी की मोरारजी देसाई सरकार गिरी थी। तब नौ घंटे से ज्यादा चर्चा हुई थी और मतदान से पहले देसाई ने इस्तीफा दे दिया और सरकार गिर गई। फिर 1987 में अब तक की सबसे ज्यादा बहुमत वाली राजीव गांधी सरकार के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि-मत से गिर गया। सबसे मुश्किल या कम बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव नरसिंह राव सरकार के वक्त गिरा था। 1993 में सीपीएम के अजॉय मुखोपाध्याय के झारखंड मुक्ति मोर्चा घोटाले पर अविश्वास मत को राव सरकार ने सिर्फ 14 वोट से गिरा दिया था। साल 2003 में वाजपेयी सरकार के खिलाफ सोनिया गांधी का अविश्वास प्रस्ताव भी गिर गया था। मनमोहन सिंह सरकार को दस साल में किसी अविश्वास प्रस्ताव का सामना नहीं करना पड़ा।

अब यदि इस अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होता है, तो सरकार के पास 333 वोट हैं, जबकि गैर-एनडीए के पास कुल 202 वोट हैं। इनमें से 'इंडिया' के पास 142 वोट और बाकी गैर-एनडीए के 64 वोट हैं। 64 सांसद फिलहाल किसी के साथ नहीं हैं, यानी साफ है, विपक्ष सरकार गिराने की स्थिति में नहीं है और उसका मकसद बहस कराना है। यानी चुनावों से करीब दस महीने पहले सरकार के पास अपने कामकाज का बहीखाता रखने का मौका भी होगा। मानसून सत्र में 30 से ज्यादा विधेयक रखे जाने हैं, जिनमें 21 विधेयक नए हैं। करीब एक सप्ताह का समय बिना चर्चा के बीत गया है, तो बेहतर है कि इस तरह का विमर्श तैयार किया जाए कि सदन में गंभीर और उपयोगी चर्चा हो। मणिपुर में हुई हिंसा पर तो चर्चा होनी ही है, इसके साथ राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा पर भी चर्चा होगी, पर अविश्वास प्रस्ताव में विपक्ष के पास मौका होगा, सरकार की नाकामियों को गिनाने का, बेरोजगारी, महंगाई और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर उसे घेरने का। विपक्ष को अपनी एकजुटता दिखाने का भी मौका मिलेगा। वह बताना चाहेगा कि मोदी सरकार के खिलाफ अब ज्यादातर लोग लामबंद हो गए हैं और 2024 के आम चुनाव में उसे 'वॉक ओवर' नहीं मिलने वाला।

वैसे हो सकता था कि अविश्वास प्रस्ताव की जरूरत नहीं पड़ती, अगर सदन में अहं के टकराव के बजाय मणिपुर और दूसरे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो जाती। सरकार पहले दिन से चर्चा के लिए तैयार होने की बात करती रही, लेकिन विपक्ष मणिपुर पर विस्तार से और प्रधानमंत्री के बयान के साथ बहस की मांग करता रहा। खैर रात गई, बात गई, अब यह मौका है कि जब चर्चा शुरू हो, तो वह 'इंडिया' बनाम 'एनडीए' जैसे रास्ते पर न भटक जाए। बात इंडिया की हो, भारत की हो, हिन्दुस्तान की हो, नाम कुछ भी रखिए, पर सिर्फ और सिर्फ इस मुल्क की और अवाम की चिंता कीजिए। चुनाव जब होंगे, तब अपने एजेंडा तय कीजिएगा और जनता तय कर देगी कि कौन सही था?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# उत्पादन बढ़ाने की हरसंभव नीतियां आजमाए भारत

सौरभ चंद्रा, पूर्व पेट्रोलियम सचिव, भारत सरकार

पिछले तीन दशकों में सकल घरेलू उत्पाद, यानी जीडीपी में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र की हिस्सेदारी15 प्रतिशत के आसपास ही क्यों बनी हुई है? मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र या सहज शब्दों में कहें, तो उत्पादन क्षेत्र पर्याप्त रोजगार पैदा क्यों नहीं कर पा रहा? इसमें व्यापार घाटा इतना अधिक क्यों है? जाहिर है, हमारे उत्पादन क्षेत्र के वैश्विक मुकाबलों में पिछड़ने के कई कारण हैं। कुछ वजहें तो कमजोर उत्पादन-दक्षता, बुनियादी ढांचे की कमियां, नियामक मंजूरी आदि में लगने वाली लागत आदि हैं। ये उत्पादन माहौल को बेहतर बनाने वाली ऐसी परिस्थितियां हैं, जिनकी पूर्ति इसलिए जरूरी है, ताकि भारतीय निर्माता घरेलू व विदेशी बाजारों में मुकाबला कर सकें। निस्संदेह, वे जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने, रोजगार सृजन और घरेलू व वैश्विक, दोनों बाजार में कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं, पर यह तभी संभव है, जब विनिर्माण की गुणवत्ता बेहतर हो। इसके लिए हमें नवाचार को बढ़ावा देना होगा। इसके अलावा, रक्षा एवं दूरसंचार जैसे खास उद्योगों की मूल्य श्रृंखला का बड़ा हिस्सा देश के भीतर ही रहे।

मूल्य-वर्द्धन विनिर्माण क्षेत्र की बेहतरी का एक सूचक है। यह कमाई और लागत के बीच का अंतर है। इसमें श्रम लागत, ब्याज, किराया, कर और मुनाफा आदि भी शामिल होता है। यह रोजगार सृजन की एक जरूरी शर्त है। मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के अनुसार, खेतिहर मजदूरों के लिए भारत को कम से कम नौ करोड़ नए कृषि रोजगार पैदा करने होंगे। केवल विनिर्माण क्षेत्र इस चुनौती का सामना कर सकता है। सेवा क्षेत्र के बूते यह संभव नहीं। श्रमबल में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी सिर्फ25 फीसदी है, जो जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी से काफी कम है। अत्यधिक कुशल सेवा क्षेत्र विकसित करने से पहले उत्पादन क्षेत्र को एक खास स्तर तक



पहुंचना होगा। ये दोनों क्षेत्र एक-दूसरे पर काफी हद तक निर्भर हैं। जैसे, हार्डवेयर के विकास पर सॉफ्टवेयर की उन्नति निर्भर करती है।

जापान, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों का अनुभव बताता है कि निर्यात बढ़ाए बिना 12 से 14 प्रतिशत की उत्पादन वृद्धि दर संभव नहीं है। वस्तुओं के उत्पादन के मूल में ही वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा निहित है। जीडीपी को बढ़ाने के अलावा, कुल निर्यात में आयातित-इनपुट के हिस्से, व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे को कम करना भी जरूरी है। हमें नवाचार के लिए वैसे ही परिवेश की जरूरत है, जैसा सिलिकन वैली में मौजूद है। 'स्टेट ऑफद यूएस सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रिपोर्ट, 2021' के मुताबिक, वैल्यू एडिशन का 71 फीसदी अंश अनुसंधान व विकास से जुड़ी गतिविधियां हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार, मूल्य श्रृंखला में अमेरिका की 38 फीसदी हिस्सेदारी की तुलना में चीन और ताइवान की हिस्सेदारी नौ-नौ प्रतिशत है, जबकि दक्षिण कोरिया, जापान और यूरोप की क्रमशः 16 प्रतिशत, 14 प्रतिशत व 10 प्रतिशत है। जाहिर है, अनुसंधान और विकास बढ़ाकर हम अपने विनिर्माण क्षेत्र का स्तर ऊंचा कर सकते हैं। एक अन्य उदाहरण सोलर फोटोवोल्टिक मूल्य श्रृंखला है, इसमें 1980 से 2012 के बीच लागत 97 फीसदी घट गई, जिसकी एक बड़ी वजह विनिर्माण मूल्य श्रृंखला पर कब्जा करने की चीन सरकार की रणनीति थी। आज चीन इसके 80 फीसदी बाजार को नियंत्रित करता है। आने वाले दिनों में शायद ही उसे कोई पछाड़ सके। इसलिए विनिर्माण में मूल्य-वर्द्धन या आउटपुट रेशियो पर ध्यान देना जरूरी है। इस सुधार के लिए कुछ नीतिगत उपाय किए जा सकते हैं। जैसे, प्रोत्साहन लायक उद्योगों की पहचान करना, मौद्रिक प्रोत्साहनों को तवज्जो देना, अकादमिक एवं उद्योग जगत की मदद से स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास को बढ़ावा देना व उससे लाभ उठाना और मूल्य-वर्द्धन की सीमा को पूरा करने वाले उत्पादों की सरकारी खरीद आदि।

साफ है, विनिर्माण को बेहतर बनाने से जुड़ी नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के मोर्चे पर बेहतर नतीजा मिल सकता है। यानी, रोजगार सृजन, उच्च विनिर्माण विकास दर, घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनवरत प्रतिस्पर्द्धा और सेवा क्षेत्र में कौशल बढ़ाने जैसी चुनौतियों से हमें पार पाना ही होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नेतन्याहू से बरबादी की ओर इजराइल !

श्रुति व्यास

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीत गए हैं। पर यह एक ऐसी जीत है जो उन्हें सत्ता के नजदीक तो बनाए रखेगी लेकिन उन्हें बाकी सब से, जनता से, समर्थकों से, साथियों से दूर कर देगी।

चौबीस जुलाई को इजराइल की संसद नेसेट ने देश के सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम करने वाले कानूनों की सीरीज का पहला कानून पास किया। इस दौरान संसद के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन करते रहे। संसद में विपक्षी सदस्य चिल्ला-चिल्लाकर अपशब्द बोलते रहे।फिर वोटिंग के समय वॉकआउट किया। इस सबके बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जिनका दिल मशीन की मदद से धड़क रहा है, शांत बैठे रहे। उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी चीख-चीखकर अपनी बात कहते रहे मानो वे अपने बॉस की मौजूदगी से बेखबर हों।

'तर्कसंगतता' के आधार पर सरकारी फैसलों को रद्द करने के अदालत के अधिकार को समाप्त करने वाला यह कानून 64-0 के बहुमत से निर्विरोध पारित हो गया। इजराइल में पिछले सात माह से अनिश्चितता का माहौल था। नेतन्याहू ने उम्मीद जगाई थी कि वे सबकी सहमति से संवैधानिक सुधार लाने का प्रयास करेंगे। लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया। जनभावनाओं के लिए सम्मान पर सत्ता की भूख भारी पड़ी।

सोमवार की रात येरूशलम में संसद भवन के चारों ओर की सड़कों पर करीब 20,000 प्रदर्शनकारियों की भीड़ जमा थी जो नीले और सफेद झंडे लहरा रही थी। जैसे ही मतदान के नतीजे की खबर फैली, प्रदर्शनकारियों ने चीखना-चिल्लाना और "हम कभी हार नहीं मानेंगे के नारे लगाना शुरू कर दिया। दीवारों और चाहरदीवारों पर स्टिकर लगे थे जिन पर लिखा था हम तानाशाह का हुक्म नहीं मानेंगे लोकतंत्र या बगावत और इजराइल को नेतन्याहू से बचाओ। इजरायली लेखक और मानवता के इतिहास में दिलचस्पी रखने वाले युवाल नोआ हरारी का विचार है कि इसका नतीजा भयावह और घातक होगा। वे कहते हैं, मुमकिन है हम इजराइल में यहूदी श्रेष्ठतावादी तानाशाही देखें, जो न सिर्फ इजराइल के नागरिकों के लिए एक खौफनाक स्थिति होगी बल्कि फिलिस्तीनियों, यहूदी परंपराओं और संभवतः संपूर्ण मध्यपूर्व के लिए भी भयावह होगा।

लेकिन इस सबसे बेफिक्र प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मतदान के कुछ घंटे बाद प्राईम टाईम पर टेलिविजन पर भाषण देते हुए सभी आशंकाओं को बेबुनियाद बताते हुए कहा, "इजराइल में सभी के वैयक्तिक अधिकारों की रक्षा पहले की तरह होती रहेगी। इजराइल धर्म आधारित राष्ट्र नहीं बनेगा। स्वतंत्र न्यायपालिका कायम रहेगी। लेकिन, समाज के एक तबके का मानना है कि नेतन्याहू के नेतृत्व वाले कट्टर धार्मिक एवं अति राष्ट्रवादी गठबंधन के राज में देश धार्मिक निरंकुश शासन की ओर बढ़ेगा।



देश की स्थिरता को लेकर भी अब चिंता है। इजरायली सेना के हजारों रिजर्व अधिकारियों ने घोषणा की है कि वे ऐच्छिक सेवा के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इसके अलावा सामाजिक उथल-पुथल भी हो रही है। डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं। मजदूर नेताओं ने आम हड़ताल की धमकी दी है। मॉल और दुकानें चलाने वाले एकजुटता दिखाने के लिए अपने प्रतिष्ठानों पर ताला डाले हुए हैं। पहले से ही कई कारोबारी अपना व्यवसाय इजराइल के बाहर ले जा चुके हैं या उसे बंद कर चुके हैं। और जैसे-जैसे अराजकता के हालात गंभीर होते जाएंगे, उथलपुथल बढ़ेगी और सड़कों पर असहमति दिखाते लोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जाएगी। टकराव, गिरफ्तारियों, हिंसा, शोरशराबा सब बढ़ेगा।

इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय संबंध भी बिगड़ेंगे। इजराइल के सबसे नजदीकी सहयोगी अमेरिका ने संसद के निर्णय को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है। इससे राष्ट्रपति बाइडन के नेतन्याहू को अमेरिका आने के निमंत्रण को लेकर आशंका उत्पन्न हो गई है। अमेरिका में यहूदी समूहों ने भी इस मतदान की आलोचना की है। इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए चेतावनी दी है कि इससे इजराइल और अमरीकी यहूदियों के संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। फिलिस्तीनी इस बात से चिंतित हैं कि वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों का इलाका आक्रामक ढंग से बढ़ाया जाएगा, जिसकी कई मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने खिलाफत की थी। इसके अलावा इजराइल में रह रहे अल्पसंख्यक अरबों में भी भय बढ़ रहा हैं।

संदेह नहीं है कि नेतन्याहू ने देश के भीतर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इजराइल की बेहतरी और उसकी छवि सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वे स्वयं को हर राजनीतिक घटनाक्रम के केन्द्र में रखने में सफल रहे हैं, कई बार जिसका सन्देश यह था कि इजराइल और तबाही के बीच वे अकेले खड़े हैं। लेकिन कल के घटनाक्रम से वे इजराइल को तबाही के कगार पर ले आए हैं। बिगड़ती सेहत से जूझ रहे 73 वर्षीय नेतन्याहू नेसेट आने के पहले पेसमेकर लगवाने के लिए अस्पताल में थे। वे अपने गठबंधन सहयोगियों को मतदान टालने के लिए राजी नहीं कर सके। इससे यह संकेत मिलता है कि उनका प्रभाव कम हो चला है और वे अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता खो चुके हैं। कहना मुश्किल है कि वे गठबंधन के सबसे घोर राष्ट्रवादी और धार्मिक कट्टरपंथी दलों को न्यायिक सुधारों के जरिये और अन्य तरीकों से उनका राजनैतिक एजेंडा आगे बढ़ाने से रोक सकेंगे। आखिर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले भी चल रहे हैं।

इजराइल में इस साल ठंड तीखी थी और वसंत, नीरस। प्रदर्शकारी अपनी बात पर जमे हुए हैं। नेतन्याहू के गठबंधन साथी भी दृढ़ हैं। ऐसे में दोनों के बीच जबरदस्त टकराव तय है जो इजराइल में गर्मी के मौसम को और ज्यादा गर्म और तूफानी बनाएगा। जहां तक प्रधानमंत्री नेतन्याहू का प्रश्न है, वे अभी अपनी सत्ता कायम रखने में भले ही कामयाब रहे हों उन्हें आज के बाद से इजराइल में तबाही लाने के लिए याद किया जाएगा। देश के इतिहास में एक ऐसा नया दौर प्रारंभ हो गया है, जो खूनखराबे से भरा और त्रासद हो सकता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239









# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### विदेश निर्यात किए जाने वाले उत्पादों के लिए डाकघर निर्यात केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**रायगढ़।** डाक विभाग द्वारा व्यापारियों के लिए अपने द्वारा निर्मित एवं विदेश निर्यात किये जाने वाले उत्पाद के लिए डाक घर निर्यात केंद्र चरण बद्ध तरीके से हर जिला मुख्यालय में खोला जा रहा है। इसी कड़ी 30 जून 2023 को रायगढ़ जिला के अंतर्गत रायगढ़ प्रधान डाकघर में डाक घर निर्यात केंद्र प्रारंभ हो चुका है एवं जशपुरनगर जिला के अंतर्गत डाक घर निर्यात केंद्र इसी सप्ताह खोला जाना प्रस्तावित है। उक्त डाक घर निर्यात केन्द्रों में व्यापारियों को पार्सल पैकेजिंग के साथ-साथ ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें व्यापारी स्वयं का पंजीकरण आवश्यक दस्तावेजों एवं एक्सपोर्ट कोड एवं जीएसटी की जानकारी के साथ कर सकते हैं। इसके माध्यम से व्यापारी कस्टम विभाग द्वारा मांगे जाने वाली जानकारी एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध कर सकते हैं। यह सुविधा उत्पादों की कस्टम क्लीयरेंस प्रक्रिया को सरल बनाती है। सीमा शुल्क से संबंधित कोई समस्या होने पर उस मामले को ऑनलाइन सुलझाया जाता है। कारोबारी उसे ऑनलाइन देखकर उसका समाधान कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। डाक विभाग सभी व्यापारियों से जो विदेश में अपना उत्पाद भेजते हैं या भेजना चाहते हैं आग्रह किया है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठावें एवं आज ही अपने जिला मुख्यालय में स्थित डाक घर निर्यात केंद्र में संपर्क करें।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 तक अपनी फसलों का करा सकते हैं बीमा

**कोरबा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफवर्ष 2023 में कृषकों को बीमा आवरण में शामिल होने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफफसल हेतु सिंचित व असिंचित धान, मक्का, अरहर, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, अरहर (तुअर) फसल का बीमा कराया जा रहा है। इन फसलों का ओलावृष्टि, बेमौसम बारिश, भूस्खलन, जल भराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली जैसे प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा का लाभ दिया जाएगा। उपसंचालक कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त योजना के तहत ऋणी कृषक तथा गैर ऋणी कृषक (भूधारक व बटाईदार) शामिल हो सकते है। साथ ही जिले के ऐसे कृषक जिन्होंने खरीफवर्ष 2023 फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण की सीमा कृषकों के आवेदन-प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि या उसके पूर्व स्वीकृत नवीनीकृत की गई हो। एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थानों से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में एक ही वित्तीय संस्थान से बीमा करवाना होगा।

### छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्यों के पुलिस अधिकारियों की समन्वय बैठक हैदराबाद में संपन्न

# विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षतापूर्वक चुनाव कराने तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर हुई व्यापक चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती राज्यों के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक का आयोजन मंगलवार को हैदराबाद में किया गया। अशोक जुनेजा (भापुसे), पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ तथा महाराष्ट्र, तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्यों के पुलिस महानिदेशकगणों के उपस्थिति में यह समन्वय बैठक आयोजित की गई।



आगामी अक्टूबर-नवंबर 2023 में होने वाले विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षतापूर्वक चुनाव कराने के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था एवं आपराधिक गतिविधियों के ऊपर प्रभावी नियंत्रण तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। चारों राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र में अपेक्षित पुलिस बंदोबस्त, कानून व्यवस्था एवं नक्सल गतिविधियों से संबंधित विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।

उल्लेखनीय है कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर तालमेल के साथ आगामी चुनाव को संपादित करने हेतु पुलिस थाना स्तर, जिला स्तर, रेंज स्तर एवं अंतर्राज्यीय स्तर पर सिल-सिलेवार लगातार बैठक आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में नक्सल गतिविधियों में निरन्तर कमी आ रही है। राज्य में केन्द्रीय सुरक्षाबलों और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बेहतर तालमेल के साथ नक्सलियों के विरूद्ध सफलतापूर्वक चलाये जा रहे संयुक्त अभियान के कारण यह संभव हो सका है। सुरक्षा विहीन क्षेत्रों में नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के साथ विकास कार्यों में भी तेजी लायी जा रही है जिससे आम जनता का शासन व प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

बैठक में सीमावर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाये जाने तथा स्थानीय ग्रामीणों को विश्वास में लेकर नक्सलवाद के विरूद्ध अभियान चलाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में अशोक जुनेजा (भापुसे), पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ के साथ अंजनी कुमार (भापुसे), पुलिस महानिदेशक, तेलंगाना, रजनीश सेठ (भापुसे), पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र, राजेन्द्र नाथ रेड्डी (भापुसे), पुलिस महानिदेशक, आंध्रप्रदेश, वितुल कुमार (भापुसे), अतिरिक्त महानिदेशक (सीआरपीएफ), विवेकानंद (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल अभियान/विआशा), छत्तीसगढ़, विजय कुमार (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ग्रेहाउण्ड), विनीत ब्रिजलाल (भापुसे), पुलिस महानिरीक्षक, एसआईबी, आंध्रप्रदेश, टी.प्रभाकर राव (भापुसे), पुलिस महानिरीक्षक, एसआईबी, तेलंगाना, साकेत सिंह (भापुसे), पुलिस महानिरीक्षक (सीआरपीएफ), सुंदरराज पी.(भापुसे), पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा आंध्रप्रदेश के साथ-साथ भारत सरकार के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अशोक जुनेजा (भापुसे), पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़, अंजनी कुमार (भापुसे), पुलिस महानिदेशक, तेलंगाना, विवेकानंद (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल अभियान/ विआशा), छत्तीसगढ़, विजय कुमार (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ग्रेहाउण्ड) एवं सुंदरराज पी.(भापुसे), पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक के उपरांत ग्रेहाउण्ड प्रशिक्षण केन्द्र में जाकर वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डीआरजी/बस्तर फाईटर/कोबरा/ सीआरपीएफ बलों के सभी सदस्यों से रूबरू होकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# मुख्यमंत्री से सौंरा, गोंड़, बिझिया, उरांव, भुंजिया आदि समाज के प्रतिनिधियों ने की सौजन्य मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के जाति समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है, जब मंगलवार को राज्यसभा ने संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 को मंजूरी दे दी। इसके पहले पिछले साल दिसम्बर में लोकसभा ने इस विधेयक को पारित किया था।



लंबे समय से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर प्रयास कर रहे सौंरा, गोंड़, बिझिया, उरांव, भुजिया आदि समाज के प्रतिनिधियों ने कल देर रात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात कर इस विधेयक को राज्यसभा से मंजूरी मिलने पर उनके प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य सरकार के लगातार प्रयासों से मिली इस सफलता पर प्रतिनिधिमंडल को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति समुदाय को उनके अधिकारों का लाभ दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संबंध में प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखकर मात्रात्मक त्रुटि के कारण आदिवासी समुदाय को हो रही दिक्कतों से अवगत कराया गया और उन्हें अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का आग्रह किया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति आयोग को विभिन्न समाजों के माध्यम से जो ज्ञापन मिले, आयोग द्वारा उनकी सुनवाई कर ट्राईबल रिसर्च इंस्टिट्यूट के माध्यम से अध्ययन के बाद प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजा गया। राज्य सरकार की इस पहल पर जाति समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने संबंधी विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा से मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सर्वश्री रवि सिदार, खोलबहरा सिदार, लकेश्वर श्याम, दीनबन्धु, शत्रुघन एवं रोहित सिदार भी उपस्थित थे।

## कारगिल विजय दिवस का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शासकीय योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के 1 सी.जी. नेवल एनसीसी, 8 सी.जी. गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों द्वारा 26 जुलाई को कारगिल विजय के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेना से सेवानिवृत्त सैनिक रोमिओ कुजूर का महाविद्यालय की सह प्राचार्य डॉ. पुष्पा कौशिक द्वारा शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी दी गई और कारगिल विजय दिवस पर बनी शॉर्ट डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कारगिल के महानायकों की शौर्य गाथा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में कारगिल में शहीद हुए वीर जवानों को राष्ट्रगान गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अमिताभ बनर्जी के निर्देशन में, 1 सी.जी. नेवल यूनिट के डिवीजन कमांडर लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल रामटेके, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुनिल कुमार तिवारी और प्रो. भूपेन्द्र करवंदे के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# स्थानीय स्तर पर महिलाओं को मिल रहा रोजगार

### महिलाएं गौठानों में ब्रम्हास्त्र तैयार कर 64 हजार 950 रूपए की आमदनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत ग्रामीण कृषि, पशुपालन और उनके उत्पाद तथा अपशिष्ट पदार्थ का उपयोग स्थानीय स्तर पर कृषि एवं उस पर आधारित कार्यों में कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में ग्रामीण पशुपालकों से 2 रुपए प्रति किलो गोबर और 4 रुपए प्रति लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। जैविक खेती के लिए गोबर का उपयोग वर्मी खाद बनाने तथा गौमूत्र का उपयोग कीटनाशक दवाई ब्रह्मास्त्र और वृद्धिवर्धक जीवामृत बनाने में किया जा रहा है। राज्य की स्व-सहायता समूह की महिलाएं इससे लाभान्वित हो रही है। नारायणपुर जिले के ग्राम करलखा और कोचवाही के गौठान में गौमूत्र से ब्रम्हास्त्र और जीवामृत बनाई जा रही है। वर्तमान में जब रसायन युक्त खेती के कई हानिकारक प्रभावों से हमें जूझना पड़ रहा है, तब जैविक खेती को अपनाने की पहल भी शुरू हो रही है। जैविक खेती में मुख्य रूप से गोबर खाद का उपयोग किया जाता है, लेकिन कीट पतंगों से बचाव के लिए कोई विशेष उपाय नहीं होने के कारण अधिकतर किसानों का फसल नुकसान हो जाता है। फसलों की बचाव के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का एक महत्वपूर्ण नवाचार गौमूत्र से दवाई फसल की बचाव के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

जिले के किसानों को जैविक दवाई उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा गौठानों में स्व-सहायता समूह के सदस्यों के माध्यम से गौमूत्र से ब्रम्हास्त्र और जीवामृत तैयार किया जा रहा है। गौमूत्र विशेष गुणों से युक्त होता है, जिसका प्रयोग विभिन्न कार्यों में किया जाता है।

इसे बनाने के लिए गौमूत्र को पांच प्रकार की पत्तियों जैसे नीम, करंजी, पपीता, सीताफल और अमरुद के साथ उबालकर ठंडा किया जाता है और पैकेजिंग कर विक्रय किया जा रहा है। इसे उपयोग करने के लिए 5 लीटर ब्रह्मास्त्र को 100 लीटर पानी में मिलाकर प्रत्येक पंद्रह दिनों में फसलों में छिड़काव किया जाता है। इसके अतिरिक्त किसानों की मांग अनुसार गौमूत्र वृद्धि वर्धक का उत्पादन भी किया जा रहा है। एक लीटर ब्रह्मास्त्र पचास रुपए में और वृद्धिवर्धक चालीस रुपए में करलखा एवं कोचवाही गौठान तथा सी-मार्ट से खरीदा जा सकता है। करलखा में झांसी की रानी महिला स्व-सहायता समूह और कोचवाही में सरस्वती महिला स्व सहायता समूह द्वारा इन उत्पादों को विक्रय कर 64 हजार 950 रूपए की आय अर्जित की गई है।

रसायन मुक्त भोजन और स्वस्थ जीवनशैली के लिए गौमूत्र आधारित खेती वर्तमान की मांग है। गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाओं को ब्रम्हास्त्र बनाने के साथ ही स्व-रोजगार मिल रही है, जिससे समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर होती जा रही हैं।

## रोजगार मेला कल, फिंगेश्वर में 557 रिक्त पदों पर की जायेगी भर्ती

**गरियाबंद।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण गरियाबंद तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद के तत्वाधान मे शासकीय आईटीआई फिंगेश्वर में 28 जुलाई को जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि सुबह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले मे 09 निजी कंपनियों के द्वारा कुल 557 रिक्त पदों पर भर्ती की जायेगी। इसके लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हितग्राही जिनकी योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर है, उन्हें शैक्षणिक/तकनीकी योग्यतानुसार चयन किया जायेगा।

BIG BRAND
Premium Store

30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school , Nehru Nagar ,Bhilai

ऊं साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### बाहरी वस्तुओं से प्राप्त खुशी अल्पकालिकः ब्रह्माकुमार शक्तिराज

**रायपुर ( ए )।** बड़े-बड़े शहरों में हजारों रुपयों की फीस लेकर आयोजित होने वाला कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सौजन्य से ब्रह्माकुमार शक्तिराज भाई निःशुल्क करा रहे हैं। श्याम टाकीज के निकट स्थित इण्डोर स्टेडियम में एनर्जी और एक्शन से भरपूर उनके शिविर में राजधानीवासी झूम रहे हैं और आनन्द उठा रहे हैं। कल दूसरे दिन शाम को उनके शिविर में भाग लेने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

मेमोरी एण्ड माइण्ड मैनेजमेन्ट ट्रेनर ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह ने कहा कि खुशी चिन्ता और तनाव आदि मन से सम्बन्धित अनुभूति हैं। इसलिए उसका इलाज भी हमें अपने अन्दर यानि मन में ही ढूंढना होगा। हम लोग बाहरी भौतिक सुख साधनों और वैभवों में आदि के द्वारा उसे पाने का प्रयास करते हैं जो कि गलत है। बाहरी वस्तुओं से क्षणिक सुख-शान्ति मिल सकती है किन्तु स्थायी खुशी चाहिए तो वह हमें राजयोग मेडिटेशन से ही मिलेगी। उन्होंने बतलाया कि खुशी के लिए कोई रास्ता नहीं जाता बल्कि खुशी ही रास्ता है।

हम जो भी कर्म करते हैं, उसका प्रतिफल सुख अथवा दुःख के रूप में हमें इस जन्म में अथवा अगले जन्म में मिलता ही है। यदि हम सबको सुख देंगे तो उसका फल सुख के रूप में मिलेगा। किन्तु किसी को दुःख दिया तो जीवन में दुःख का सामना करना पड़ेगा। हरेक क्रिया की समान किन्तु विपरीत प्रतिक्रिया जरूर होती है। इसलिए सुखी रहना है तो सबको सुख देना सीखो। उन्होंने आगे कहा कि अपनी खुशी का रिमाट अपने हाथ में रखो। कुछ लोग सोशल मीडिया, टेलीविजन और मोबईल में बिजी रहकर खुशी पाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी खुशी का रिमोट दूसरों के हाथ में दे रखा है। इसलिए कुछ लोग सोशल मीडिया में लाईक न मिले तो दुःखी हो जाते हैं। अपनी खुशी का रिमोट अपने हाथ में रखना चाहिए। दूसरा कोई व्यक्ति आपके बारे में कुछ बोलता है तो उसे स्वीकार न करें। अपनी अवस्था न बिगाड़ें।

# योग विश्व को भारत की देन हैः राज्यपाल हरिचंदन

### राजभवन में निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल और कुलाध्यक्ष विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्य के सभी निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक लेकर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान कार्य एवं अन्य कार्यो की समीक्षा की। राज्यपाल ने कहा कि योग विश्व को भारत की देन है। विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए विश्वविद्यालयों में योग की गतिविधियां संचालित की जायें।




राज्यपाल ने सभी कुलपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत के योग को पूरी दुनिया में पहचान मिली और पूरी दुनिया अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा। भारत ने विश्वगुरू बनने की दिशा में आगे कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि योग से तन और मन स्वस्थ होगा और युवा पीढ़ी अपनी पूरी क्षमता के साथ देश के निर्माण में समर्पित होगी। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ परदेसी ,राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के चेयरमेन डॉ. उमेश मिश्रा और सभी निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।

राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि अध्ययन के अलावा विद्यार्थियों की समाज और राष्ट्र के प्रति भी जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालयों को इस भूमिका के लिए भी विद्यार्थियों को तैयार करना चाहिए। उनमे देशभक्ति की भावना भी जगानी चाहिए। विद्यार्थियों को वंचित वर्गो की सहायता के लिए आगे आना चाहिए और लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार की आवश्यकता के अनुरूप युवाओं के कौशल उन्नयन हेतु प्रयास करना चाहिए जिससे युवा आत्मनिर्भर बन सकें। विश्वविद्यालयों में ऐसे पाठ्यक्रम बनाये जाये जिससे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ें। विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल और कैरियर काउंसिलिंग सेल सक्रिय रूप से कार्य करें। विद्यार्थियों को रक्त दान, वृक्षारोपण एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का अध्ययन ही जरूरी नहीं है बल्कि उनका सर्वांगीण विकास होना चााहिए जिससे ''आत्मनिर्भर भारत'' की दिशा में हम कदम बढ़ा सकेंगे। यह विश्वविद्यालयों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। हम सभी को अपने राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए और अपने युवाओं को उचित प्रशिक्षण और ज्ञान से लैस करना चाहिए ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें और राज्य और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकें।

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत व्यवसायिक एवं वोकेशनल शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता, प्रशिक्षण, प्लेसमेंट प्राध्यापको की भर्ती के लिए सभी विश्वविद्यालय अनिवार्य रूप से कार्यवाही करें।

बैठक में उपस्थित छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमैन डॉ. मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सामाजिक गतिविधियां, आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन आदि के संबंध में समय-समय पर प्रसारित दिशा-निर्देशों का निजी विश्वविद्यालयों को पालन कराया गया है। विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा अध्यादेशों में प्रस्तावित संशोधनों को समय पर जारी किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन सहित विभिन्न विषयों पर विश्वविद्यालयों से जानकारी ली गई। उपस्थित कुलपतियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने विश्वविद्यालयों में संचालित गतिविधियों, शैक्षणिक स्टॉफ की भर्ती और नियुक्ति, विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से किये गये एमओयू, पाठ्यक्रम, परीक्षा और परिणाम, अनुसंधान तथा विश्वविद्यालय द्वारा अन्य क्षेत्रों में किये गये नवाचार के बारे में जानकारी दी।

बैठक में मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़, आईसीएफएआई विश्वविद्यालय दुर्ग, आईएसबीएम विश्वविद्यालय गरियाबंद, रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर, एमीटी विश्वविद्यालय रायपुर, आईएमटी विश्वविद्यालय रायपुर, महर्षि विश्वविद्यालय बिलासपुर, देव संस्कृति विश्वविद्यालय दुर्ग, सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर, कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर, भारती विश्वविद्यालय दुर्ग, शंकराचार्य विश्वविद्यालय भिलाई, के. के. मोदी विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपतिगण उपस्थित थे।

# केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएंः राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

### राज्यपाल हरिचंदन ने राजधानी स्थित केंद्र शासन के विभाग प्रमुखों की ली बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राजभवन मे राजधानी रायपुर स्थित केंद्रीय शासन के विभाग प्रमुखों की बैठक ले कर उनके विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आम लोगो पहुंचाना सुनिश्चित करें और योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया जाये ताकि आम जनता को उसका पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आम जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देना चाहिए और योजनाओं से संबंधित उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान करने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यपालिका का मुख्य अंग होने के नाते हम सभी का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है इसलिए हम सभी को इसके प्रति निष्ठा, लगन एवं देश भक्ति भावना से मातृ भूमि के लिए कार्य करना चाहिए।




बैठक में राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनुराग गर्ग सहित राजधानी रायपुर स्थित केंद्र सरकार के 38 विभाग प्रमुख उपस्थित थे। राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में, ''सबका साथ-सबका विकास'' के मूल मंत्र का पालन करते हुए, किसानों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं, मजदूरों, उद्यमियों जैसे समाज के सभी वर्गों के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का आकाशवाणी, दूरदर्शन और पीआईबी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित फ्लेगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रयास किया जाना चाहिए। राज्यपाल को पोस्टल विभाग के प्रमुख ने ''माइ स्टाम्प'' का संग्रह भेंट किया जिसमें राज्यपाल का छाया चित्र प्रकाशित किया गया है।

# योग शिविर में प्राणायाम, आसन और योग दर्शन सीख रहे प्रतिभागी

### योगाभ्यास के साथ जान रहे योग के फायदे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा दुर्ग संभाग के लिए सात दिवसीय संभाग स्तरीय निःशुल्क आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर राजधानी रायपुर के फुण्डहर स्थित योग भवन में संचालित किया जा रहा है। इससे पूर्व रायपुर, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन योग आयोग द्वारा किया गया है। शिविर में प्रतिभागियों को योग की विभिन्न प्रणालियों की



जानकारी सहित मानव शरीर में योग के फायदों के बारे में बताया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, सचिव एम.एल. पाण्डेय सहित योग प्रशिक्षक गण उपस्थित थे।

योग सत्र के दौरान विशेषज्ञों के द्वारा अष्टांग योग, यम के नियम, आसन का परिचय एवं महत्व की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य एवं रोगों के प्रति योग का समग्र दृष्टिकोण, मानव शरीर का संक्षिप्त परिचय एवं आसन की समान्य समस्या एवं समाधान, यौगिक सकारात्मक दृष्टिकोण चित्त प्रसाद, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम एवं सूर्यनमस्कार और उसके प्रकार, योग दर्शन, प्रणिक ऊर्जा के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों को प्रतिदिन सुबह छबि राम साहू और ज्योति साहू द्वारा योगाभ्यास भी कराया जा रहा है।

# महानदी को जीवंत करेंगे 66 हजार पौधे

**रायपुर ( ए )।** वन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशन पर पर्यावरण को सहेजने की बड़ी ड्राइव रायपुर जिले में हो रही है। इसमें दो लाख 80 हजार पौधे लगाये जा रहे हैं। इनमें से 73 प्रतिशत पौधे लगाये जा चुके हैं। इस बार फोकस सड़कों के साथ नदियों को लेकर भी है। नदियों को लेकर फोकस करना कई मायने में महत्वपूर्ण है। इससे न केवल प्लांटेशन का उद्देश्य पूरा होता है अपितु नदी किनारे पौधे लगाये जाने से मिट्टी का कटाव रूकता है। नदी का जलस्तर साल भर बनाये रखने के लिए भी यह अच्छा होता है क्योंकि पौधे सबसे ज्यादा पानी अवशोषित कर रखते हैं। इस तरह से यह प्लांटेशन की ड्राइव महानदी के लिए भी संजीवनी है। फिलहाल 66 हजार पौधे नदी तट पर लगाए जा रहे हैं। नदियों के किनारे फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है, ताकि इससे स्थानीय लोगों को आय भी हो सके। महानदी के तट को मजबूत बनाने और इसे सदा नीरा बनाये रखने में भी इस व्यापक प्लांटेशन ड्राइव से मदद मिलेगी।

नदी तटों को मजबूत करने के लिए ऐसे पौधों का चयन किया गया है जिनकी जड़ें मजबूत होती हैं। पीपल जैसे पेड़ जो सर्वाधिक आक्सीजन देते हैं और नदी के इकालाजी को बनाये रखते हैं।

# अब गौठान भी पहुंचेगी मोबाइल मेडिकल यूनिट, मंत्री चौबे ने किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ( ए )।** प्रदेश के गौठानों में पशु चिकित्सा और रोगों की जांच की सुविधा और सुदृढ़ होगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से गौठानों मे पशु चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। इसका जल्द शुभारंभ किया जाएगा। पशुधन विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने बुधवार को अपने निवास में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई (मोबाइल वैटेनरी यूनिट) मोबाइल मेडिकल यूनिट का अवलोकन किया। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने भी इस मोबाइल यूनिट के संबंध मे जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। पशुधन विकास विभाग द्वारा 1962 टोल-फ्री नंबर की जल्द शुरूआत की जाएगी। जिसमें पशुपालक सुबह 8 से शाम 4 बजे तक पशुओं की बीमारी के संबंध सलाह ले सकेंगे। इस नंबर पर उन्हे पशु चिकित्सक द्वारा सलाह और समीप के पशु चिकित्सालय के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदेश के विकासखण्ड स्तर पर जल्द उपलब्ध होगी। छोटे विकासखण्ड पर एक और बड़े विकासखण्ड स्तर पर दो



मोबाइल मेडिकल यूनिट होंगे। राज्य में मोबाइल मेडिकल यूनिट की संख्या 163 होगी। यह प्रतिदिन दो और महीने में 50 गौठान एवं ग्राम में पहुंचेगी। इसमें एक पशु चिकित्सक और वैटेनरी असिस्टेंट होगा। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से पशुओं की चिकित्सा और पशु रोगों का जांच, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, शल्य चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट एक बड़ी एलईडी टीव्ही लगी हुई है, जिसमें पशुधन विकास की योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर पशुधन विकास विभाग के संचालक चंदन संजय त्रिपाठी, ओएसडी डॉ. मौसम मेहरा, अपर संचालक डॉ. के.के. ध्रुव और डॉ. महावीर सरसीहा उपस्थित थे।

# श्रमिकों की उन्नति एवं समृद्धि के लिए कार्य कर रही है राज्य सरकारः सत्यनारायण शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य श्रम कल्याण मण्डल द्वारा आयोजित राजधानी रायपुर के खमतराई स्थित पाटीदार भवन में आयोजित श्रमिक सम्मेलन को सम्बोधित करते विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों की उन्नति एवं समृद्धि के लिए श्रमिक सुरक्षा और कल्याण हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। हम सबका दायित्व है कि श्रमिकों को शासन की इन योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचानें में मदद करें। उन्होंने कहा कि श्रम कल्याण मण्डल संगठित मजदूरों और नियोजकों के हित में काम करती है, यदि नियोजक और श्रमिक समन्वय से काम करें तो बड़ी से बड़ी समस्याएं आसानी से हल हो जाएगी। उन्होंने गरीब, मजदूर की पीड़ा को महसूस करने हुए उनके विकास में सहभागी बनने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की।



छत्तीसगढ़ राज्य श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष शफी अहमद खान ने श्रमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भले ही हम श्रमिकों को कलेक्टर-एसपी ना बना पाएं, लेकिन मण्डल द्वारा संचालित शिक्षा प्रोत्साहन सहित अन्य हितकारी योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों के बच्चों को कलेक्टर और एसपी जरूर बना सकते हैं। इसके लिए हम सबको श्रमिक कल्याण के लिए काम करने की जरूरत है। श्री खान ने श्रम विभाग के अंतर्गत अलग-अलग विंग में राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के उत्थान के लिए किए जा कार्यो एवं संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्ववती सरकार के समय श्रम कल्याण मण्डल में केवल 3355 संस्थान तथा लगभग दो लाख श्रमिक ही पंजीकृत थे। हमारी सरकार आने के बाद विगत साढ़े चार वर्षों में व्यापक जन जागरूता एवं श्रमिक हितैषी निर्णयों से 9065 से अधिक संस्थाओं और 4.5 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीजन किया गया है। उन्होंने श्रम कल्याण मण्डल में संचालित योजनाओं का लाभ लेने अधिक से अधिक श्रमिकों को मण्डल में पंजीयन करवाने की अपील की। उन्होंने इस मौके विधायक सत्यनारायण के सुझाव पर बिरगांव में श्रमिक अन्न केन्द्र व सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ करने की घोषणा की। कार्यक्रम में अन्य सदस्यों ने भी श्रमिक सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम में श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन की राशि का चेक व सायकल वितरित किया गया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# बिना हिले-डुले लंबे समय तक बैठकर करते हैं काम, तो हो जाएं सावधान, बढ़ सकता है दिल का खतरा



अगर आप बिना हिले-डुले लगातार एक ही जगह बैठकर काम करते हैं, कई-कई घंटे टीवी देखते हैं, बैठकर गपशप लड़ा रहे हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि खुद को बीमार तो बना रही रहे हैं, हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ा रहे हैं। दरअसल, जिस तरह हमारा खानपान, काम करने का तरीका, मोबाइल-गैजेट्स यूज करना सबकुछ बदल रहा है, ऐसे में एक्टिव लाइफस्टाइल की सबसे ज्यादा जरूरत है। जब हम बिना किसी मूवमेंट के एक ही पोजिशन में बैठे रहते हैं, तो ब्लड सर्कुलेशन और ब्लड प्रेशर प्रभावित हो सकता है। इससे सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा देर बैठने से एथेरोस्क्लेरोसिस भी हो सकता है, जिससे धमनियों में प्लाक बनने लगता है। यह दिल के दौरे का जोखिम और भी ज्यादा बढ़ा देता है।

### इन गलतियों से बढ़ा सकता है बैड कोलेस्ट्रॉल

दरअसल, जब हम एक्टिव लाइफस्टाइल नहीं अपनाते हैं। एक्सरसाइज, वॉकिंग जैसी चीजें हमारी दिनचर्या का हिस्सा नहीं होती हैं। डेस्क जॉब के दौरान कुछ समय में मूवमेंट नहीं करते हैं या कुछ कदम नहीं चलते हैं तो बता दें कि इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल यानी बैड कोलेस्ट्रॉस का लेवल बढ़ सकता है।

### क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, हमारी डेली रूटीन धीरे-धीरे बदल रही है। आज ज्यादातर लोग एख ही जगह बैठकर अपना ज्यादा समय बिता रहे हैं। एक एक्टिव लाइफस्टाइल काफी आम हो गई है। कई लोग लगातार डेस्क पर बैठे हैं तो कुछ स्क्रीन के सामने समय बिता रहे हैं, यात्रा के दौरान भी लंबे समय तक लोग बैठे रहते हैं। ज्यादा देर तक बैठे रहना एकदम धूम्रपान के खतरों की तरह ही है। क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से दिल की सेहत पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। इससे हार्ट डिजीज बढ़ जाता है। इसका साफ मतलब है कि ज्यादा देर तक बैठे रहने से दिल का खतरा बढ़ सकता है।

### एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा

एथेरोस्क्लेरोसिस, धमनियों में प्लाक का निर्माण, दिल की एक ऐसी बीमारी है, जो लगातार बैठे रहने से बढ़ सकती है। जब ब्लड सर्कुलेशन कम होता है तो बॉडी में फैट जमा हो जाता है। इससे इसे साफ करने का तंत्र कम काम करता है, जो एथेरोस्क्लेरोसिस को तेजी से बढ़ा सतका है। इससे धमनियां सिकुड़ सकती हैं।

### ब्लड सर्कुलेशन का बिगड़ना

लंबे समय तक बैठे रहने से ब्लड सर्कुलेशन बाधित होता है। निचले अंगों में यह समस्या ज्यादा होती है। इससे ब्लड क्लॉटिंग, डीप वेन थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) हो सकता है। इससे दिल के दौरे का खतरा बढ़ सकता है। ब्लड सर्कुलेशन बनाए रखने के लिए लगातार बैठने से बचना चाहिए और नियमित तौर पर एक्सरसाइज करनी चाहिए।

### हाई ब्लड प्रेशर

लंबे समय तक बैठे रहने से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। फिजिकल एक्टिविटी कम होने से ब्लड सर्कुलेशन में कमी आती है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। यह हार्ट डिजीज का प्रमुख कारण हो सकता है।

### मोटापे का खतरा

अगर आप ज्यादा देर तक बैठे रहते हैं तो इससे आपका वजन बढ़ सकता है, मोटापे की समस्या हो सकती है। ज्यादा वजन दिल पर अतिरिक्त दबाव बनाता है, जिससे हार्ट डिजीज, उच्च कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। बैठने के समय को कम करने के साथ ही आपको एक्सरसाजि, और वजन कम करने पर फोकस करना चाहिए।

### बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है

लगातार बैठने से एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल तेजी से बढ़ सकता है। जिसकी वजह से एथेरोस्क्लेरोसिस बढ़ सतका है। यह हार्ट अटैक के खतरे को काफी हद तक बढ़ा सकता है।

## इंडियन फिल्म फेस्टिवल

# मेलबर्न में दिखाई जाएगी राधिका मदान की सना




इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2023 का फिल्म प्रशंसकों को इंतजार है। अगस्त के मध्य में यह मेलबर्न में आयोजित किया जाएगा। जबसे फेस्टिवल के लिए नामांकन की घोषणा की गई है, प्रशंसकों की इस पर नजर है। फेस्टिवल में राधिका मदान की फिल्म सना की स्क्रीनिंग की जाएगी। इससे पहले सना कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की जा चुकी है। इनमें शंघाई इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल, सांटा बारबरा इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे नाम शामिल हैं।

सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राधिका मदान के साथ शिखा तलसानिया और पूजा भट्ट भी नजर आएंगी। सुधांशु ने अपने बयान में कहा, सना को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में ले जाना बेहतरीन था। अब हम मेलबर्न में अपने दर्शकों से मिलने के लिए उत्साहित हैं। आईएफएफएम का बेहतरीन सिनेमा को सामने लाने का इतिहास रहा है। हमें गर्व है कि इस बार इसी सूची में सना भी शामिल है।

सना एक महत्वाकांक्षी लड़की की कहानी है, जो पुराने सदमे की वजह से परेशान है। राधिका पिछली बार कच्चे लिंबू में नजर आई थीं। यह फिल्म जियो सिनेमा पर आई थी। कच्चे लिंबू भी दर्शकों के लिए एक प्रेरक फिल्म थी। राधिका दिनेश विजान की हैप्पी टीचर्स डे और राज और डीके की फिल्म गो गोवा गोन के सीक्वल में नजर आएंगी। वह पटाखा, अंग्रेजी मीडियम, शिद्दत जैसी लोकप्रिय फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

इस बार इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में फिल्ममेकर करण जौहर के सफर को सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत फेस्टिवल में उनकी फिल्में दिखाई जाएंगी। दर्शकों को उनकी भव्य फिल्मों को देखने के अलावा उनसे बातचीत करने का भी मौका मिलेगा। हाल ही में करण ने फिल्मी दुनिया में अपने 25 साल पूरे किए हैं। इतने सालों में करण की फिल्मों को ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों से भी भरपूर प्यार मिला है। इस सम्मान से खुद करण भी काफी उत्साहित हैं।

कुछ समय पहले आईएफएफएम ने नामांकन की घोषणा की थी। इस बार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए भेड़िया, पठान, डार्लिंग्स, मोनिका ओ माई डार्लिंग जैसी हिंदी फिल्मों को नामांकन मिला है। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की रेस में ऐश्वर्या राय बच्चन, आलिया भट्ट , भूमि पेडनेकर , काजोल, मृणाल ठाकुर, नीना गुप्त, रानी मुखर्जी, साई पल्लवी, सान्या मल्होत्रा और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए दुलकर सलमान, कपिल शर्मा, मनोज बाजपेयी, मोहित अग्रवाल, परेश रावल, राजकुमार राव, ऋषभ शेट्टी, शाहरुख खान, विजय वर्मा और विक्रम शामिल हैं।

# केतिका शर्मा ने साझा की पवन कल्याण के साथ एक यादगार बातचीत



युवा अभिनेत्री केतिका शर्मा पावरहाउस पवन कल्याण और साईं धर्म तेज अभिनीत आगामी सामाजिक-फंतासी कॉमेडी ड्रामा फिल्म ब्रो में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जैसा कि फिल्म 28 जुलाई को नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है, केतिका ने हाल ही में मीडिया से बातचीत की और परियोजना पर काम करने के बारे में अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा की।

केतिका ने स्वीकार किया कि वह शुरू में इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता पवन कल्याण से मिलने की संभावना से घबराई हुई और भयभीत थीं। हालांकि, उनके साथ काम करने के उत्साह ने उनकी भागीदारी के बारे में सुनते ही तुरंत फिल्म साइन कर ली। हालांकि पवन कल्याण के साथ उनका कोई संयोजन दृश्य नहीं है, केतिका को उनके साथ संक्षेप में फ्रेम साझा करने का अवसर मिला, हालांकि उन्होंने उस विशेष दृश्य के दौरान बातचीत नहीं की। उन्होंने पवन कल्याण से परिचय कराने के लिए साई धर्म तेज का आभार व्यक्त किया, जिससे एक संक्षिप्त बातचीत हुई और गर्मजोशी से स्वागत हुआ।

अपने चरित्र और संवादों के संदर्भ में, केतिका ने खुलासा किया कि फिल्म के लेखक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने विशेष रूप से उनके लिए कुछ मजेदार और मनोरंजक संवाद तैयार किए हैं। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके किरदार को फिल्म के तमिल मूल विनोद्या सीथम में मुख्य महिला किरदार की तुलना में अधिक स्क्रीन समय दिया गया है। केतिका ने आगे कहा कि ब्रो एक महत्वपूर्ण संदेश देता है, जो एक अभिनेता के रूप में उनके लिए एक अनोखा और संतुष्टिदायक अनुभव है। प्रतिभाशाली तमिल अभिनेता-फिल्म निर्माता समुथिरखानी द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियोज के सहयोग से पीपल मीडिया फैक्ट्री पर टीजी विश्वप्रसाद द्वारा निर्मित, ब्रो एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करता है।

पवन कल्याण, साई धर्म तेज और केतिका शर्मा सहित शक्तिशाली कलाकारों की टोली और निर्देशक की रचनात्मक दृष्टि के संयोजन के साथ, फिल्म से दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ने की उम्मीद है। जैसा कि प्रशंसक बेसब्री से ब्रो की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, केतिका की अंतर्दृष्टि ने फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ा दिया है। इस संदेश-उन्मुख फिल्म में उनकी यात्रा उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और फिल्म के समग्र प्रभाव में योगदान देने के लिए तैयार है।

## बेबी डॉल हेली शाह ने क्रॉप टॉप और शार्ट स्कर्ट में गिराई बिजलियां



हेली शाह टीवी इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत और क्यूट एक्ट्रेस में से एक हैं। हेली शाह ट्रेडिशनल से लेकर वेस्टर्न हर अंदाज में बेहद खूबसूरत लगती हैं। इतना ही नहीं, स्टाइलिश लुक के मामले भी वह बॉवीवुड की हसीनाओं को भी टक्कर देती हैं। हाल ही में हेली शाह ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ क्यूट सी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो बेहद गॉर्जियस लग रही हैं। 27 वर्षीय टीवी एक्ट्रेस हेली शाह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी क्यूटी अदाओं से लाइमलाइट बटौरती हैं। हाल में टीवी एक्ट्रेस हेली शाह ने अपनी बेबी डॉल लुक में अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। बेबी डॉल लुक में शेयर की गई इन तस्वीरों में हेली शाह अपनी क्यूट अदाओं से कहर बरपाती नजर आ रही हैं। हेली शाह ने अपने इस लेटेस्ट फोटोशूट से सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है और उनकी ये तस्वीरें देखते ही देखते चंद मिनटों में वायरल हो गई। इन तस्वीरों में हेली शाह कलरफुल शॉर्ट स्कर्ट के साथ क्रॉप टॉप कैरी किया है, जिसमें वह किसी परी से कम नहीं लग रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए हेली शाह ने कैप्शन दिया- उन्हें रोकें और घूरें हेली शाह ने जो क्रॉप टॉप कैरी किया है उसकी बेली पर क्रॉस में डोरी लगा हुआ है। उन्होंने गोल्डन ब्राउन कलर के हील्स से अपने लुक को पूरा किया है। एक्ट्रेस हेली शाह ने ग्लैम मेकअप के साथ पिंक लिप्स और पोनीटेल हेयरस्टाइल में खुद को निखारा है। हेली शाह अपने ओवरऑल लुक में बेहद ही गॉर्जियस लगी रही हैं और उनका क्यूट पोज देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ गई हैं। कैमरे के सामने एक्ट्रेस हेली शाह ने एक से बढ़कर एक हॉट एंड सिजलिंग पोज देती नजर आई है, जिन्हें देखकर फैंस भी बेकाबू हो गए।

## गदर 2 का ट्रेलर जारी तारा सिंह बन सनी देओल की दमदार वापसी

गदर की गिनती हिंदी सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में होती है। फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कमाई के झंडे गाड़े थे, बल्कि सनी देओल का अभिनय, एक्शन और फिल्म की कहानी तक दिल को छू गई थी। फिल्म के सीक्वल का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है, जो अब जल्द ही खत्म होने वाला है। अब इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक गदर 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।

फिल्म की कहानी 1971 में सेट है। पिछली बार तारा सिंह उर्फ सनी अपनी पत्नी को लाने पाकिस्तान गया था। इस बार उसने अपने बेटे को छुड़ाने के लिए लाहौर का रुख किया है। 3 मिनट के ट्रेलर में तारा सिंह के जबरदस्त डायलॉग ध्यान खींचते हैं।

# प्रेशर कुकर में भूलकर भी नहीं पकानी चाहिए ये चीजें, वरना बेकार चली जाएगी सारी मेहनत



प्रेशर कुकर रसोई की सबसे जरूरी चीज है। भारत में शायद ही ऐसी कोई रसोई होगी, जहां प्रेशर कुकर का इस्तेमाल ना किया जाता हो। प्रेशर कुकर का ज्यादा इस्तेमाल करने के पीछे एक वजह यह भी है कि इसमें खाना जल्दी और स्वादिष्ट बनता है। हालांकि ऐसा जरूरी नहीं है कि हर चीज को बनाने के लिए प्रेशर कुकर का इस्तेमाल किया जाए। कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे भी होते हैं, जिन्हें कुकर में नहीं बनाना चाहिए। यहां हम उन्हीं खाद्य पदार्थों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको कुकर में बनाने से बचना चाहिए।

### डेयरी प्रोडक्ट

डेयरी प्रोडक्ट जैसे दूध, दही या क्रीम आदि से जुड़े पकवानों को प्रेशर कुकर में नहीं बनाना चाहिए। क्योंकि कुकर में ज्यादा हीट की वजह से डेयरी प्रोडक्ट फट सकता है और खराब हो सकता है।

### फ्राइड फूड

प्रेशर कुकर में तली हुई चीजें भी नहीं बनानी चाहिए। क्योंकि ज्यादा हीट और गर्म तेल के कारण खाना बिखर सकता है और जलने से जुड़ी घटनाएं हो सकती हैं।

### पास्ता और नूडल्स

पास्ता और नूडल्स जैसे फूड आइटम्स को बनाने के लिए भी कुकर का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि ये गिलगिले बन सकते हैं, जो खाने में स्वादिष्ट नहीं लगेंगे।

### जल्दी पकने वाली सब्जियां

जिन सब्जियों को पकाने में ज्यादा वक्त नहीं लगता या जो सब्जियां कम समय में बन जाती हैं, उन्हें कुकर में बनाने की गलती नहीं करनी चाहिए। इन सब्जियों में हरी पत्तेदार सब्जियां, मुलायम प्रकृति वाली सब्जियां शामिल हैं। कुकर में इन सब्जियों को बनाने से ये ज्यादा पक सकती हैं और अपना पोषण मूल्य और असली रंग खो सकती हैं।

### केक और बेक

कई लोग केक और कुकीज आदि जैसे बेक्ड फूड बनाने के लिए आमतौर पर प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करते हैं। जबकि इन्हें बनाने के लिए कुकर बिल्कुल भी सही ऑप्शन नहीं है। कुकर को केक या कुकीज बेकिंग के लिए नहीं बनाया गया है। अगर आप फिर भी इसमें बनाते हैं तो आपको उतना स्वादिष्ट केक नहीं मिल पाएगा, जितना कि मिलना चाहिए था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मोबाइल बताएगा, कब लगेगा टीका अब टीकाकरण कार्ड जरूरी नहीं

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राष्ट्रीय सर्वव्यापी टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार द्वारा समस्त प्रदेशों में यू-विन नामक एप के माध्यम से टीकाकरण के समस्त रिकार्ड डिजिटल करने का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। यू-विन डिजिटल प्लेट फॉर्म के द्वारा गर्भवती महिलाओं के पंजीयन से लेकर प्रसव होने तक की सम्पूर्ण जानकारी तथा शिशुओं के जन्म से लेकर जन्म डोज एवं उसके बाद के समस्त टीकाकरण के रिकॉर्ड संधारित किए जाएंगे। यू-विन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को ट्रेकिंग कर समय पर टीकाकृत किया जाएगा, जिससे टीकाकरण में होने वाले लेफ्ट आउट एवं ड्राप आउट को रोका जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ़आर निराला ने बताया कि हितग्राही के यू-विन में एक बार रिकॉर्ड हो जाने के बाद आगामी खुराक के टीका के लिए ट्रेकिंग आसान हो जाएगी। बिना टीकाकरण कार्ड के हितग्राही अपनी पसंद के किसी भी टीकाकरण केन्द्र पर टीकाकरण करा सकेगा। इस एप के माध्यम से टीकाकृत हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी जनरेट होगा। जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर मोहम्मद अज़ीम (यूएनडीपी) के द्वारा दिया गया। यू-विन एप के प्रशिक्षण में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश सेन, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री इजारदार, समस्त पीएचसी प्रभारियों सहित विभाग के मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सेन ने बताया कि आगामी 7 अगस्त को शुरू होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण यू -विन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सम्पन्न कराया जाएगा। इस अभियान में गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 5 साल तक के बच्चों का हेड कॉउंट कर लेफ्ट आउट/ड्राप आउट गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को जिले के प्रत्येक गांवों में टीकाकरण सत्र आयोजन कर टीकाकृत किया जाएगा।

### महापौर ने वीर शहीदों को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**कोरबा।** सुभाष चौक के समीप पूर्व सैनिक सेवा संघ द्वारा 24वॉं कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद के साथ-साथ पार्षद सुरेन्द्र जायसवाल व मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर ने नेताजी सुभाष बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित कर उनके द्वारा दिये गये देश के प्रति बलिदान को याद करते हुए पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि कारगिल के युद्ध को हुये पूरे 24 वर्ष हो चुके हैं, उस युद्ध के दौरान शहीद हुए उन देश के जाबाज सिपाहियों को याद करते हुए कहा कि इनके बलिदान को हमारे देशवासी कभी भूला नहीं सकते। उनके द्वारा विपरीत परिस्थितियों में हमारे देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए शहीद हुए उन वीर शहीदों की शहादत को पूरा देश नमन करता है।

### भुमिक्षा साहू का जूनियर भारतीय हॉकी टीम में चयन

**राजनांदगांव।** हॉकी नर्सरी राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) की कु.भुमिक्षा साहू का चयन जर्मनी के डूसलेफ्ड्रफ में 18 अगस्त से 23 अगस्त तक आयोजित 4 नेशन अंडर 21 बालिका हॉकी चैम्पियनशिप के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में किया गया है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भारत सहित इंगलैंड,स्पैन, तथा मेजबान जर्मनी चार देशो की हॉकी टीम भाग लेगी। आज घोषित जूनियर भारतीय टीम के 20 सदस्यों की सूचि में नगर की बेटी कु.भूमिक्षा साहू को शामिल किया गया है तथा उन्ही के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रही नगर की कु.अनिशा साहू को भी रिजर्व खिलाडी के रूप में शामिल किया गया है। कु.भूमिक्षा साहू अभी वर्तमान में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ग्वालियर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। साथ ही विगत एक वर्ष से हॉकी इंडिया की कोर टीम के साथ बैंग्लुरू सांई सेन्टर में जूनियर भारतीय हॉकी टीम के कोंचिग कैम्प में शामिल है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कु. भूमिक्षा की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि कु.भूमिक्षा साहू अभी राउरकेला में सम्पन्न हुई 13वी हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त की तथा प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा 18 गोल करते हुए टॉप स्कोरर का स्थान प्राप्त किया। विगत माह राजनांदगांव में आयोजित प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर बालिका वेस्ट जोन हॉकी चैम्पियनशिप में 19 गोल कर टॉप स्कोरर का स्थान प्राप्त किया था। साथ ही कु. भुमिक्षा विगत वर्षो में आयोजित सभी हॉकी प्रतियोगिता, जैसे खेलो इंडिया यूथ गेम ग्वालियर जहां देश की चुनिदा आठ टीम ही भाग लेती है शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 गोल करते हुए उक्त सभी प्रतियोगितायों में टॉप स्कोरर का स्थान प्राप्त कि थी।

कैबिनेट मंत्री अकबर ने विकास कार्यो के लिए 4 करोड़ 32 लाख 64 हजार रूपए की सौगात दी

# गांव के साथ नगर का समुचित विकास करना हमारी प्राथमिकता-मंत्री अकबर

श्रीकंचपनथ न्यूज

**कवर्धा। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने अपने विधानसभा क्षेत्र के पिपरिया नगर पंचायत के विकास कार्यो के लिए 4 करोड़ 32 लाख 64 हजार रूपए की सौगात दी। मंत्री अकबर ने जन आकाक्षांओं के अनुरूप 2 करोड़ 15 लाख 29 हजार रूपए की लागत से अधोसंरचना मद से विभिन्न स्थानों में निर्मित नाली, सी.सी. रोड़ सामुदायिक भवन, प्रकाश व्यवस्था अंतर्गत पोल विस्तार कार्य, विधायक निधि से निर्मित सतनामी समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया।**



मंत्री श्री अकबर ने नगर वासियों के मांगों को पूरा करते हुए 2 करोड़ 85 हजार रूपए की लागत से अधोसंरचना मद से विभिन्न स्थानों में निर्मित नाली, सी.सी. रोड़ सामुदायिक भवन, प्रकाश व्यवस्था अंतर्गत पोल विस्तार कार्य, 6 लाख रूपए की लागत से विधायक निधि अंतर्गत सामुदायिक भवन विस्तार, उन्नयन कार्य और 4 लाख रूपए की लागत से पार्षद निधि से देवांगन समाज सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य की आधारशीला भी रखी।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने पिपरिया नगर पंचायत के विकास के लिए 87 लाख रुपए की प्रस्तावित 8 कार्यों की घोषणा की। इस घोषणाओं में समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 39 हजार रूपए, वार्ड क्रमांक 11 में कुंभकार समाज के लिए कुंभकार सामाजिक भवन उन्नयन कार्य के लिए 9 लाख 71 हजार रूपए, वार्ड क्रमांक 15 बड़े बाजार के पास साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख 95 हजार रूपए, वार्ड क्रमांक 4 में पटेल समाज के लिए 7 लाख 67 हजार रूपए और मल्लाह समाज के लिए वार्ड क्रमांक 8 में सामुदायिक भवन उन्नयन एवं शौचालय निर्माण के लिए 6 लाख 18 हजार रूपए, वार्ड क्रमांक 9 में मिनीमाता सौंदर्यीकरण के लिए 12 लाख 78 हजार रूपए, वार्ड क्रमांक 15 में छत्तीगढ़ी महतारी चौक सौंदर्यीकरण एवं स्थापना कार्य के लिए 19 लाख 89 हजार रूपए की घोषणा शामिल है। इसके अलावा नगर में प्रकाश व्यवस्था के लिए 6 नग हाई मास्क लगाने की घोषणा की गई। इस दौरान मंत्री अकबर ने 30 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड का वितरण किया। कैबिनेट मंत्री अकबर ने कहा की गांव के साथ साथ नगर का समुचित विकास के लिए मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में अनेक योजनाएं बनाई गई है। नगर में सामजिक, सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए कृष्ण कुंज की परिकल्पना को साकार किया गया है। आने वाले समय मे विकास को गति दी जाएगी। कार्यकम में नगर पंचायत के अध्यक्ष महेंद्र कुंभकार, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने इस सौगात के लिए मंत्री अकबर का आभार प्रकट किया। है। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नीलकंठ चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, पिपरिया नगर पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र कुंभकार, उपाध्यक्ष शत्रुहन साहू, कवर्धा कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, गनपत गुप्ता, प्रवीण वैष्णव, राम सहोदा गुप्ता, रविन्द्र देवांगन, देवदास मिरी, कोमल पटेल, श्रीमती वीण सुभाष दानी, लेखा राजपुत सहित समस्त सभापति, एल्डरमेन, पार्षदगण सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गरीबों, वंचितों की सेवा के लिए समर्पित है पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यकाल



श्रीकंचपनथ न्यूज

**जांजगीर चांपा (पीआईबी)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा विकासखंड स्थित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 9 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर केंद्रित भव्य त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। 28 जुलाई तक चलने वाली प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शांति भारते मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथि के बतौर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, सदस्य अरविंद जैन, विकास केडिया व आरके सिंह स्कूल के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। अति विशिष्ट अतिथि समाजसेविका आरती सिंह रहीं।

इस अवसर पर सबसे पहले कारगिल विजय दिवस के सेनानायकों को याद करते हुए केंद्र सरकार द्वारा गत 9 वर्ष में लाए गए विविध कल्याणकारी योजनाओं को जिक्र किया गया। समाजसेविका आरती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल पूरी तरह से गरीब-वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित रहा है। 9 सालों में विविध प्रकार की योजनाओं से उन्हें सदैव गरीबों की सेवा व कल्याण के लिए कार्य किया।

उनके कार्यकाल में जनता को सही रूप में सुशासन का अनुभव हो रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका की अध्यक्ष शांति भारते ने विविध योजनाओं के साथ स्वयं के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को घर, शौचालय जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ती थी। मोदी सरकार ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया है।

# कैट और मेटा भारत में 10 मिलियन व्यापारियों को डिजिटल बनाएंगे

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** कैट और मेटा ने व्हाट्सएप बिजनेस ऐप के माध्यम से 10 मिलियन स्थानीय व्यवसायों को डिजिटल बनाने के लिए 'व्हाट्सएप से व्यापार' साझेदारी का एलान किया। यह साझेदारी 17 शहरों के 1 मिलियन व्यापारियों को 29 राज्यों के 10 मिलियन व्यापारियों तक प्रशिक्षित करने के शुरुआती लक्ष्य पर आधारित है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे भारत में व्यापारियों के लिए 11 भारतीय भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि देश भर में छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने के प्रयास में, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और वैश्विक कंपनी मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप द्वारा अपनी पार्टनरशिप में एक बड़ा आयाम देते हुए देश में 10 मिलियन स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित और कुशल बनाने का आज दोनों ने संयुक्त रूप से ऐलान किया। साझेदारी का लक्ष्य सभी 29 भारतीय राज्यों में 11 भारतीय भाषाओं में हाइपर-स्थानीय डिजिटल प्रशिक्षण के साथ व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए डिजिटलीकरण प्रयासों को अंतिम व्यापारी तक पहुँचाना है।

पूरे भारत में 40,000 व्यापारी संगठनों से जुड़े लगभग 8 करोड़ व्यापारियों के अपने व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए, कैट व्यवसायों को उनके स्टोरफ्रंट को डिजिटल बनाने और उनके 'डिजिटल' निर्माण में मदद करने के लिए आवश्यक ज्ञान से लैस करने के लिए व्यापक डिजिटल और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई कार्यशालाओं की एक श्रृंखला देश भर में आयोजित करेगा जिसमें वहाट्सएप के बिजनेस ऐप पर 'दुकान', जिसमें उन्हें कैटलॉग, क्विक रिप्लाई, क्लिक टू व्हाट्सएप जैसी सुविधाएँ जो ऐप पर उपलब्ध हैं, के बारे में शिक्षित करना शामिल है, जो छोटे व्यवसायों को अपने ग्राहकों के साथ कुशलतापूर्वक जुड़ना आसान बनाते हैं।

विशेष पिछड़ी जनजाति की आजीविका मजबूत करने करें समन्वित प्रयास

# वन अधिकार पत्र के वितरण में लाएं तेजीः मंत्री मरकाम

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री मोहन मरकाम ने आज जिला कार्यालय बिलासपुर के सभाकक्ष में बिलासपुर संभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज में प्रगति की समीक्षा की।**



उन्होंने वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत, सामुदायिक अधिकार पत्र के साथ-साथ ऋण पुस्तिका के वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की आजीविका मजबूत करने के लिए मनरेगा और अन्य योजनाओं से उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने कहा।

मंत्री श्री मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों को विभागीय योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करना है। उन्होंने इसके लिए समन्वित प्रयास पर जोर दिया। उन्होंने देवस्थल में देवगुड़ी का निर्माण जल्द करने के निर्देश दिए। श्री मरकाम ने 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर वन अधिकार पत्रों का वृहद पैमाने पर वितरण करने और शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। श्री मरकाम ने जिलों में आश्रम-छात्रावासों के उचित रखरखाव और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर ध्यान देने के निर्देश सहायक आयुक्तों को दिए। बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने कहा। मंत्री मरकाम ने छात्रावास के मरम्मत कार्यो को प्राथकिता से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय और प्रयास आवासीय विद्यालयों की भी समीक्षा की। बैठक में मरम्मत एवं निर्माण कार्य में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, विशेष केंद्रीय सहायता से अनुसूचित जनजाति उपयोजना की भी प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए मुंगेली और जांजगीर की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग श्री डीडी सिंह, आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिलों के सहायक आयुक्त एवं जनपद पंचायतों के सीईओ मौजूद थे।

युवाओं के चेहरे पर दिखी खुशी, इंटरव्यू देने आये युवाओं ने की जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना

# रोजगार मेला सप्ताह : तीसरे दिन 50 युवाओं को मिला जॉब लेटर

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायगढ़। रोजगार मेला सप्ताह के दौरान आज तीसरे दिन फ़िर से 50 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इससे पहले आयोजित रोजगार मेलो में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र के उद्योगों में नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। रोजगार प्राप्त करने के लिए इंटरव्यू देने आए युवाओं के चेहरे पर एक अलग खुशी नजर आ रही है। क्योंकि उनकी योग्यता एवं रूचि अनुसार यहां जॉब प्राप्त हो रही है। रोजगार मेले में शामिल हुए अभ्यर्थियों ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।**



रोजगार मेला सप्ताह स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की एक विशेष पहल है। रोजगार मेला सप्ताह के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा लगातार जिले के शिक्षित युवाओं को स्थानीय उद्योगों में अधिक से अधिक नौकरी देने के उद्देश्य के साथ कार्य किया जा रहा है। यह सिलसिला यहां यूं ही नहीं रूका जिला मुख्यालय के साथ जिले के अन्य ब्लाक में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया और वहां के युवाओं को वहीं मौके पर उनकी योग्यतानुसार विभिन्न क्षेत्र के उद्योगों में नौकरियां प्राप्त हुई।

जिला रोजगार अधिकारी श्री रामजीत राम ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल से रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए 28 जुलाई 2023 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रए रायगढ़ में रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए जिले के विभिन्न कंपनियों से उनकी रिक्तियों की जानकारी लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनायी गयी। आवेदकों की सुविधा अनुसार विभिन्न श्रेणियों की जॉब में भर्ती के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित किए गए है। विकास खंड पुसौर के ग्राम-टिनमिनी निवासी राकेश भोयर ने बताया कि वॉट्सअप ग्रुप के माध्यम से उन्हें रोजगार मेला की जानकारी मिली। वे कंप्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस अस्सिटेंट के पद के लिए इंटरव्यू देने आए हैं।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अच्छा प्रयास हैं, जिसके माध्यम से एक जगह पर कई संस्थान उपस्थित हैं। इसी प्रकार विकास खंड सरिया के लुकापारा निवासी ने बताया कि इंटरनेट एवं रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल के माध्यम से रोजगार मेले की जानकारी मिली। उन्होंने बताया की वे माइक्रो फाइनेंस से संबंधित जॉब के लिए आए हैं। इसी प्रकार सरिया के शुभम स्वर्णकार ने भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने आयोजित रोजगार मेले की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला से युवाओं को रोजगार ढूढने में मदद मिल रही हैं।

### कलेक्टर ने ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट परिसर से ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह वैन आगामी निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन के साथ विधानसभावार भ्रमण कर मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करेगी तथा ई.वी.एम. प्रदर्शन वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी जिले के सभी ग्राम पंचायतों, 573 मतदान केन्द्रों, हाट-बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### महिला की मौत मामले में पति को 10 साल की सजा

**कोरबा (ए)।** कुसमुंडा के गेवरा बस्ती में संतान नहीं होने के कारण पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने से परेशान महिला ने खुद पर आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में कोर्ट ने आरोपी पति को 10 साल की सजा सुनाई है। कुसमुंडा थाना अंतर्गत बरपाली मोहल्ला गेवरा बस्ती निवासी संतोष कुमार रात्रे की शादी घटना से 2 साल पहले धनकुमारी रात्रे से हुई थी। शादी के बाद संतान नहीं होने के कारण प्रताड़ित किया जाता था। लड़ाई-झगड़ा व मारपीट से परेशान होकर 2 साल पहले धनकुमारी ने अपने ऊपर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा ली थी।

इससे उसकी मौत हो गई। मामले में मृतका के पिता गिरधारी लाल की रिपोर्ट पर कुसमुंडा पुलिस ने आरोपी पति संतोष कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का जुर्म दर्ज किया था। मामला प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कटघोरा के न्यायालय में विचाराधीन था। जहां सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक अशोक कुमार आनंद ने पैरवी करते हुए साक्ष्यों को मजबूती के साथ रखा। दोष सिद्ध होने पर न्यायालय के न्यायधीश वेन्सेस्लास टोप्पो ने आरोपी पति को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 2 हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया गया।

### पुलिसकर्मियों को चकमा देकर हुआ कैदी फरार

**कांकेर (ए)।** कैदियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस और जेल प्रशासन की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कभी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कैदी मौका पाकर फरार हो रहे तो कही जेल की दीवारों को भी लांघने से कैदी नहीं चूक रहे। इसी तरह का एक और मामला सामने आया है जहां पुलिस और जेल विभाग के जवानो की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है।

जानकारी के मुताबिक कांकेर में पेशी के दौरान एक कैदी पुलिस के जवानों को चकमा देकर परिसर से ही फरार हो गया। फरार कैदी का नाम मोहनीश कोडोपी बताया जा रहा है जो कि बलात्कार के आरोप में जेल निरुद्ध था। आज जब उसे जवान पेशी के लिए कोर्ट लेकर पहुंचे थे तभी वह उन्हें चकमा देने में कामयाब हुआ। कैदी के फरार होने के बाद पुलिसकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। उन्होंने आरोपी कायदे कि आसपास तलाश की लेकिन वह नजर नहीं आया। जवानों ने इसकी सूचना थाने को दी हैं, फरार कैदी के विरुद्ध जुर्म दर्ज कर लिया गया हैं।

# कुल्हाड़ी मारकर की पत्नी की हत्या, फिर पति ने लगाई फांसी

**कबीरधाम (ए)। कवर्धा जिला के ग्राम पंचायत बदना के आश्रित गांव अमलीटोला में पति ने पहले कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर पत्नी की हत्या कर दी और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की लहूलुहान लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं पति की लाश को भी फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मामला कुकदूर थाना क्षेत्र का है।**

जानकारी के मुताबिक, राम सिंह मरावी (28 वर्ष) ग्राम अमलीटोला का रहने वाला है। वह अपनी पत्नी सरोज बाई (27 वर्ष) के साथ अकेला रहता था। बुधवार को जब वे काफी देर तक घर से बाहर नहीं निकले, तो आसपास के लोग उनके घर पहुंचे। वहां दंपती की लाश देखकर उन्होंने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी।

पति-पत्नी की लाश मिलने की खबर सुनकर तुरंत कुकदूर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। यहां पुलिस ने देखा की पत्नी की खून से लथपथ लाश जमीन पर पड़ी है, वहीं पति का शव फांसी के फंदे से लटक रहा है। पुलिस को महिला सरोज के गले पर कुल्हाड़ी से वार करने के गहरे निशान मिले। पुलिस को घर में खून से सनी हुई कुल्हाड़ी भी मिली है, जिसे जब्त कर लिया गया है। वहीं पति राम सिंह मरावी की लाश गमछे से फांसी के फंदे



पर लटकी हुई मिली। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद दोनों शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। कुकदूर थाना प्रभारी सावन सारथी ने कहा कि शुरुआती जांच में लग रहा है कि युवक ने पत्नी की हत्या करने के बाद फांसी लगा ली है।

पुलिस को परिजनों और आसपास के लोगों से पता चला कि राम सिंह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वो इससे पहले 3 शादियां कर चुका है, लेकिन तीनों पत्नियों ने उसे छोड़ दिया था। सरोज बाई उसकी चौथी पत्नी थी, जिसका कत्ल उसने कर दिया। युवक मजदूरी करता था। वो ठेकेदार के साथ बिजली खंभा लगाने के लिए बाहर गया था। वारदात के एक दिन पहले ही वो अपने घर लौटा था।

माना जा रहा है कि दोनों पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसमें पति ने पत्नी की हत्या कर खुदकुशी कर ली। जांच अधिकारी ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजहों का पता चलेगा। फिलहाल मृतकों के रिश्तेदार और जान-पहचान वालों से पुलिस की पूछताछ जारी है।

पुलिस ने बताया कि फिलहाल पति-पत्नी के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ, इस बात का पता नहीं चल सका है। घटना की वजह अज्ञात है, जिसकी जांच की जा रही है।

# आदिवासी छात्रा से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के आदिवासी छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आदिवासी छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोपी स्कूल की महिला चपरासी का पति निकला। सुकमा पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में पुलिस ने आश्रम अधीक्षिका हिना खान को भी गिरफ्तार कर लिया है। बतादें कि मामला प्रकाश में आने के बाद मंत्री कवासी लखमा के निर्देश पर आश्रम अधीक्षिका हिना खान व सह अधीक्षिका सविता वर्मा को निलंबित कर दिया गया था।

बच्चों के लिए शिक्षा के मंदिर पोटाकेबिन में शनिवार की रात अधर्म हो गया, जब पहली कक्षा की छात्रा से किसी अज्ञात आरोपी ने घुसकर दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार एर्राबोर थाना क्षेत्र के एक 500 सीटर आवासीय छात्रावास पोटाकेबिन में पहली कक्षा की छह वर्षीय छात्रा सो रही थी, तब रात करीब 12 बजे अज्ञात आरोपी पोटाकेबिन में घुसा और सोती हुई मासूम को कंधे में उठाकर बरामदे में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। पोटाकेबिन की छात्राओं ने पुलिस को बताया कि रात में पीड़िता की



चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर वे सभी उठ गईं।

### छात्राओं ने अधीक्षिका को दी घटना की जानकारी

उन्होंने आरोपी को दूर से भागते हुए देखा, पर अंधेरा होने से कुछ भी साफदिखाई नहीं दिया। पीड़िता उस समय उन्हें रोते हुए मिली। छात्राओं ने पोटाकेबिन में अधीक्षिका के आवास पहुंचकर उन्हें उठाया और घटना की जानकारी दी। तब पीड़िता ने घटना के बारे में कुछ भी नहीं बताया था। सोमवार को स्वजन पोटाकेबिन पहुंचे तो उसने दर्द होने की बात बताई। इसके बाद स्वजन उसे डाक्टर के पास ले गए, जहां डाक्टर ने पीड़िता की प्राथमिक जांच की है। जांच में दो दिन की देरी होने से अब इसकी फोरेंसिक जांच भी की जा रही है। डाक्टर की जांच के आधार पर सोमवार की देर शाम अधीक्षिका को लेकर स्वजन ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है।

# 1 क्विंटल 46 किलो गांजा के साथ एक गांजा तस्कर गिरफ्तार

**बालोद (ए)।** बालोद जिला पुलिस ने अलग-अलग मामलों में गांजा जब्त किया है। एक मामले में 1 क्विंटल 37 किलो और दूसरे मामले में 9 किलो गांजा समेत कुल 1 क्विंटल 46 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने एक गांजा तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। पुरूर और दल्लीराजहरा थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई है। दोनों मामलों में जब्त गांजे की कुल कीमत 14 लाख रुपए से ज्यादा है।



जानकारी के मुताबिक, पुरूर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक- 30 में वाहन चेकिंग की जा रही थी। यहां एक स्विफ्ट कार संदिग्ध रूप से गुजरती हुई दिखाई दी। आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश करने लगे। भागते-भागते वह बालोद थाना क्षेत्र में जा पहुंचे और घोटिया चौक के पास गांजे को गाड़ी में लॉक कर आरोपी फरार हो गए। पुलिस आरोपियों का पीछा करते-करते यहां पहुंची। संदिग्ध कार की लॉक को खुलवाया गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर इसमें से 1 क्विंटल 37 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जब्त कर लिया है। जब्त गांजे की कीमत 13 लाख 70 हजार रुपए है। स्विफ्ट कार कीमत 2 लाख 70 हजार को भी जब्त कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र से 9 किलो गांजा भी जब्त

वहीं दल्लीराजहरा क्षेत्र से एक आरोपी 9 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम रवि सिंह (28 वर्ष) है, जो वार्ड क्रमांक- 4 दल्लीराजहरा का रहने वाला है। आरोपी के पास से उसकी बाइक कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए भी जब्त की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बालोद, दल्लीराजहरा थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में गांजा पकड़ा गया है।

### बंद कमरे में मिली ब्यूटीशियन की लाश

# लिव इन में रह रही थी, पिता बोले-हत्या कर लटका दिया

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में एक ब्यूटीशियन की लाश बंद कमरे में फंदे से लटकती मिली है। वो यहां पर अपने बॉयफ्रेंड के साथ लिव इन में रह रही थी। उसके परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को मारकर फांसी पर लटकाया गया है। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

मूलत: कोरबा के रजगामार की रहने वाली बबली उर्फ प्रियंका नायक (22) ने बारहवीं तक पढ़ाई की थी। इसके बाद उसने ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग की थी। उसके पिता शरद नायक SECL में काम करते हैं।

युवती बिलासपुर में मंगला के गंगानगर में सविता दुबे के मकान में किराए पर रहती थी। वह 36 मॉल के पार्लर में ब्यूटीशियन का काम करती थी। उसके साथ मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के टिकारी का रहने वाला युवक भी काम करता था और दोनों एक ही मकान में रहते थे। सूरज ने मकान मालकिन को बताया था कि वो यहां पर अपनी पत्नी के साथ रहेगा, इसी वजह से उन्हें कमरा भी दिया गया था।

### बदबू आने पर खोला दरवाजा


मंगलवार की देर शाम युवती के रूम से बदबू आने लगी। तब दूसरे किराएदारों ने खिड़की से झांककर देखा। फिर पता चला कि युवती की लाश फंदे पर लटक रही है। इस पर उन्होंने मकान मालकिन को बताए बिना ही दरवाजे को किसी तरह खोल लिया। कमरे के अंदर युवती की लाश फंदे पर लटक रही थी और उसमें से बदबू भी आने लगी थी। उन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे को सील कर दिया और परिजन को बुलाया।

बताया गया कि सोमवार रात को युवती, सूरज और उसके दोस्तों ने कमरे में पार्टी की थी। पुलिस ने कमरे से शराब की बोतल, डिस्पोजल वगैरह भी बरामद किया है।

# ट्रेनों में औचक निरीक्षण में पकड़ाए सैकड़ों बेटिकट यात्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। ट्रेनों में बिना टिकट के यात्रा करने वालों की धरपकड़ के लिए रेलवे द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। बुधवार को रायपुर से भाटापार के बीच कई ट्रेनों में विशेष जांच की गई। इस दौरान 300 से ज्यादा बेटिकट यात्री पकड़े गए। इस दौरान रेलवे ने लाखों का जुर्माना भी वसूला। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई।**



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा चलाए गए इस अभियान में रायपुर से भाटापारा के बीच लोकल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों में एवं स्टेशनों पर जांच की गई साथ ही हथबंद स्टेशन पर एंबुश टिकट चेकिंग भी की गई। बुधवार को बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 202 मामलों से 96060 रूपये राजस्व मिला। वही अनियमित टिकट के 103 मामलों से 42065 रुपए का राजस्व मिला रेलवे के इस अभियान में कुल 305 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 1,38,125 रुपए का राजस्व जुर्माने के रूप में मिला।

इस टिकट चेकिंग अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक दुलार साय चौहान सहित मुख्य वाणिज्य निरीक्षक बाबूराव, मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक ए जैना, 27 टिकट कलेक्टर, 4 रेलवे सुरक्षा बल के जवान शामिल हुए। अभियान के दौरान रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह किया कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर मे प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ-सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **16.08.2023 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

| System Tender No/ N.I.T. No /Date | Name of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|
| System Tender No. 142467/ NIT No. : 30/SAC/2023-24, Dated : 25.07.2023 | दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर के सुरपा माईनर, अकतई सब माईनर, भरर माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 24 नग पाईप कलवर्ट, 02 नग स्लैब व्ही.आर.बी. 12 नग फाल , 02 नग माईनर हेड 05 नग डी.सी. , 01 नग एक्वाडक्ट, 37 नग कोलाबा का निर्माण कार्य। | Rs. 808.60 Lakhs |
| System Tender No. 142468/ NIT No. : 31/SAC/2023-24, Dated : 25.07.2023 | दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर के आर.डी. 42 कि.मी. से 51 कि.मी. तक जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 10 पाईप कलवर्ट, 02 नग स्लैब व्ही.आर.बी, 02 नग फाल, 01 नग एक्वाडक्ट, 22 नग कोलाबा का निर्माण कार्य। | Rs. 819.16 Lakhs |
| System Tender No. 142469/ NIT No. : 32/SAC/2023-24, Dated : 25.07.2023 | दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर की रीवांगहन माईनर, अरमरीखुर्द माईनर, किकिरमेटा माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 15 नग पाईप कलवर्ट, 02 नग स्लैब व्ही.आर.बी, 05 नग फाल, 03 नग माईनर हेड, 05 नग डी.सी., 26 नग कोलाबा का निर्माण कार्य। | Rs. 545.84 Lakhs |
| System Tender No. 142470/ NIT No. : 33/SAC/2023-24, Dated : 25.07.2023 | दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर की खपरी माईनर, डीडाभाठा माईनर नं. 01, डीडाभाठा माईनर नं. 02, असोगा माईनर, असोगा सब माईनर, केसरा माईनर, ड़गनिया माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 23 नग पाईप कलवर्ट, 11 नग फाल, 06 नग माईनर हेड, 25 नग कोलाबा का निर्माण कार्य। | Rs. 604.07 Lakhs |
| System Tender No. 142471/ NIT No. : 34/SAC/2023-24, Dated : 25.07.2023 | दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की तांदुला परियोजना के सिपकोना वितरक शाखा नहर के घोरारी माईनर, पहंदा माईनर नं. 01, पहंदा माईनर नं. 02, रावनगुड़ा माईनर चुलगहन सब माईनर, रंगकठेरा माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग तथा 22 नग पाईप कलवर्ट, 20 नग फाल, 03 नग माईनर हेड, 03 नग डी.सी., 23 नग कोलाबा का निर्माण कार्य। | Rs. 728.96 Lakhs |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **01.08.2023** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-03687-8

**कार्यपालन अभियंता**
**तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा**
**संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 12(तृतीय बार)**

क्रमांक/ /वलेलि/ग्रायासेवा/2023-24    बेमेतरा दिनांक / /2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा निर्माण एवं संधारण कार्य हेतु दर अनुसूची जो **दिनांक 01.11.2021** तथा विद्युत कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. **दिनांक 01.06.2020** में प्रचलित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक **01.08.2023** तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक **02.08.2023** को समय अपरान्ह 12.30 बजे खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शास.प्रा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष एवं भवन जीणोद्धार कार्य ग्राम नवरंगपुर | 15.26 |
| 2 | शास.प्रा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम गांगपुर | 14.13 |
| 3 | शास.पू.मा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम सारंगपुर | 14.13 |
| 4 | शास.प्रा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण जांता | 14.13 |
| 5 | शास.प्रा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष एवं भवन मरम्मत कार्य ग्राम मेढ़की | 14.60 |
| 6 | शास.पू.मा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम लालपुर (हरमुड़ी) | 14.13 |
| 7 | शास.प्रा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष एवं भवन मरम्मत कार्य ग्राम हरदी | 16.48 |
| 8 | शास.प्रा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य धौराभाठाकला, आंतरिक विद्युतीकरण सहित | 14.63 |
| 9 | शास.प्रा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य गनियारी, आंतरिक विद्युतीकरण सहित | 14.63 |
| 10 | शास.मा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ठेंगाभाट, आंतरिक विद्युतीकरण सहित | 14.63 |
| 11 | शास.मा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य बघुली, आंतरिक विद्युतीकरण सहित | 14.63 |
| 12 | शास.प्रा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष एवं भवन मरम्मत कार्य ग्राम तिलकापारा नवागढ़, आंतरिक विद्युतीकरण सहित | 15.53 |
| 13 | शास.मा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य मदनपुर, आंतरिक विद्युतीकरण सहित | 14.63 |
| 14 | शास.मा.शाला में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य भैंसामुड़ा, आंतरिक विद्युतीकरण सहित | 14.63 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर, राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://res.cg.gov.in** में प्राप्त की जा सकती हैं एवं कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 25.07.2023 देखी जा सकती हैं। सभी कार्यो हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर कार्यालय में पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 01.08.2023 हैं।

जी-03728/4

**(दीपक कुमार मिश्रा)**
**कार्यपालन अभियंता ग्रामीण**
**यांत्रिकी सेवा, संभाग बेमेतरा**

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चूड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### भिलाई निगम मुख्यालय में जल्द शुरू होगा हेल्प डेस्क

**भिलाई।** नगर पालिक निगम, भिलाई के मुख्य कार्यालय सुपेला में नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना किया जाना है, जिसके माध्यम से निगम में आने वाले नागरिकों को अपने कार्य के लिए विभाग में भटकना नहीं पड़ेगा। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास के मार्गदर्शन में स्थापित किये जा रहे हेल्प डेस्क में मिलने वाले नागरिक सुविधाओं के संबंध में निगम के विभिन्न विभागो का सभागार में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं प्रोग्रामर सुश्री दिप्ती साहू की उपस्थिति में प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। भिलाई के नागरिकगण एवं हितग्राही अपने कार्य के लिए निगम मुख्यालय सुपेला में आना होता है और कौन से कार्य किस विभाग से पूर्ण होगा की जानकारी नहीं होने से परेशान होते है इस स्थिति से बचने के लिए महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर हेल्प डेस्क की स्थापना हो रहा है जहाँ नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी विभागों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

### कुर्क सम्पति के विक्रय एवं निवेशकों को राशि वापसी के लिए अधिकारी प्राधिकृत

**दुर्ग।** निवेशकों के हितों का संरक्षण अधिनियम-2005 के तहत निवेशकों से धन राशि जमा कराकर उनके धन की राशि वापस नहीं किये जाने के कारण यश ड्रीम रीयल स्टेट दुर्ग कंपनी और संचालकों की संपत्तियों को कुर्क करने के अंतरिम कुर्की आदेश को माननीय विशेष न्यायालय दुर्ग द्वारा आत्यांतिक (अंतिम) पुष्टि किया गया है। जिला दण्डाधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने कुर्क की गई संपत्ति का व्ययन सिविल प्रक्रिया 1908 के आदेश 21 अंतर्गत उपबंधित नियमों के अंतराल विक्रय तथा निवेशकों को नियमानुसार निक्षेप राशि की वापसी की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु तहसीलदार दुर्ग, भिलाई-3 एवं पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) को प्राधिकृत किया है।

### मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झीट तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी कु. बबली को विगत 12 जुलाई 2018 को रात्रि में सोते वक्त सर्प के काटने से बेहोश होने पर परिजनों द्वारा उपचार हेतु सामुदायिक शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया था। आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप मृतिका स्व. बबली की माता रामकली विश्वकर्मा को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सांई मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के लिए उमड़े श्रद्धालु

**दुर्ग।** कसारीडीह सिविल लाईन स्थित श्री सांई मंदिर में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह की शुरुआत हुई। कथावाचक पंडित कैलाश तिवारी (सरदा वाले)के श्रीमुख से संगीतमय कथा का वर्णन श्रद्धालुओं को काफी प्रभावित कर रहा है। फलस्वरुप कथा श्रवण के लिए श्रद्धालू सैकड़ों की संख्या में जुट रहे है। यह श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह 30 जुलाई तक चलेगा। श्रवण का प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक पुण्यलाभ प्राप्त किया जा सकेगा।

# गृहमंत्री ने फाइलेरिया मुक्ति राष्ट्रीय अभियान एवं सहयोगी रेडियों 91.2 एफएम का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। प्रदेश के लोक निर्माण कृषि व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू स्वामी विवेकानंद सभागार पदमनाभपुर में आयोजित ग्रामीण स्तरीय मितानिन सम्मेलन एवं समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर फाइलेरिया मुक्ति राष्ट्रीय अभियान और सहयोगी रेडियों 91.2 एफएम. थनोद का शुभारंभ किया। अभियान के दौरान मितानिन दीदियों द्वारा क्यूलेक्स, एडीज व एनोफ्लीज से बचाव एवं फ़ाइलेरिया को जड़ से हटाने के लिए कार्य किया जाएगा।**



श्री साहू ने इस दौरान मितानिन भवन के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा करते हुए उन्हें उनके कार्यो की सराहना की। सहयोगी रेडियों 91.2 एफएम. का उद्देश्य समुदाय की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय भाषा एवं बोली में पंचायती राज, कृषि, पर्यावरण, संस्कृति, मौसम, शिक्षा, खेल, आजीविका, स्थानीय कार्यक्रमों व जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रसारण सामुदायिक रेडियो स्टेशन के माध्यम से एक साझा मंच की व्यवस्था करना है। इससे सामुदायिक रेडियो में श्रोताओं की सहभागिता एवं भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। रेडियो पर छत्तीसगढ़ी व हिन्दी भाषा में गोठ-बात, वार्ता, साक्षात्कार, फोन-इन, गीत-संगीत, कविता, कहानी, सफलता की कहानी, एकांकी, चौट शो, प्रश्न मंच, मन की बात, जिज्ञासा समाधान, आज का चिंतन, प्रेरक प्रसंग, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं समसामायिक सूचनाओं का प्रसारण होगा।

कार्यक्रम के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन दीदियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। मितानिन दीदी कुंती नेताम, पिपरछेड़ी को कैंसर को ठीक करने में मदद, दोनों पैरों का ऑपरेशन एवं रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल में कृत्रिम अंग लगवाने में मदद के लिए सम्मानित किया गया। मितानिन कुंती द्वारा एक 60 वर्षीय महिला जिनके आधार कार्ड में 30 वर्ष होने के कारण पेंशन नहीं मिल पा रहा था, उनका आधार कार्ड सुधरवाया गया एवं प्रसव के समय खून की कमी वाली एक महिला को अपने पति से खून डोनेट करवाया गया।

इसी प्रकार मितानिन पिंककला देशमुख, थनौद द्वारा 23 वर्षीय किशोरी के स्तन कैंसर ऑपरेशन में सहयोग एवं 45 वर्षीय महिला को रोजगार गारंटी योजना तहत भुगतान की राशि दिलवाई गई। मितानिन जानकी सिंहा, बोरई द्वारा एक टीबी मरीज की मृत्यु पश्चात घर के अन्य सदस्यों की टीबी लक्षण की जांच करवाई गई। ज्योति गोस्वामी, नगपुरा द्वारा 6 वर्षीय बच्ची को सांप डसने पर बैगा इलाज से छुड़वाकर तत्काल जिला अस्पताल में इलाज दिलाया गया एवं मलेरिया की दो मरीजों का मेकाहारा में इलाज कराने में मदद व उनके घर के सदस्यों के लिए स्वयं भोजन की व्यवस्था की गई। लता साहू, खपरी ने एचआईवी पॉजिटिव गर्भवती महिला की जिला अस्पताल दुर्ग में सुरक्षित प्रसव में मदद की एवं मानसिक रोगी का जिला अस्पताल में इलाज भी कराया।

अंजनी देशमुख, खाड़ा ने बीपी मरीज को गंभीर स्थिति में पाए जाने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया एवं गांव की राशन दुकान से लोगो को अतिरिक्त चावल दिलवाने में मदद की। उर्वशी देशमुख, कुथरेल ने एक हितग्राही को पेंशन दिलाने में मदद की एवं एक कुष्ठ रोगी की जांच कराई।

राधा शर्मा धनोरा ने एक महिला को हिंसा से बचाया एवं पड़ोसी से समझौता करवाया। गर्भवती महिला को पैसे देकर आर्थिक सहायता की। लक्ष्मी देवदास, मतवारी ने दो मानसिक रोगी को सेंदरी भेजकर इलाज करवाया। परिवार भ्रमण के दौरान प्रसव वेदना से जूझ रही गर्भवती महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाई एवं एक टीबी के मरीज का इलाज करवाया।

## अजय भसीन के नेतृत्व में व्यापारियों की मंगल कामना के लिए बोल बम यात्रा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में 40 शिव भक्तों का एक दल व्यापारियों की मंगल कामना के लिए बाबा धाम के लिए रवाना हुआ।

अजय भसीन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के व्यापारियों की मंगल कामना के लिए व छत्तीसगढ़ में समृद्ध व्यापार की कामना के लिए चेम्बर बोल बम यात्रा पिछले 15 सालों से लगातार भोले बाबा के दरबार मे शिव भक्तों के साथ होती है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा दुर्ग स्टेशन से बनारस जाएगी व काशी विश्वनाथ के दर्शन करेगी। दूसरे दिन यह दल सुल्तानपुर से गंगा जल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में जल समर्पित करेगा। भिलाई चेम्बर के 30 शिव भक्त व रायपुर बिलासपुर से 10 शिव भक्त इस दल में शामिल हुए है। पूरी यात्रा में रायपुर रेलवे स्टेशन ,भाटापारा,बिलासपुर व सतना में अजय भसीन व शिव भक्तों का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। सम्पूर्ण यात्रा में तैयारी व सुचारू व्यवस्था में मुख्य रूप से सुनील मिश्रा,शिव राज शर्मा, सतीश अग्रवाल,प्रेम रतन गहलोत,चिन्ना राव ,अजय खत्री का विशेष सहयोग रहा।

## कामधेनु विश्वविद्यालय में इंप्लीमेंटेशन ऑफ एनएआरईएस ब्लेंडेड लर्निंग प्लेटफॉर्म विषय पर कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति एवं संभागायुक्त दुर्ग महादेव कावरे के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 25 जुलाई 2023 को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा के सभागार में इंप्लीमेंटेशन ऑफ एन.ए.आर.ई.एस. ब्लेंडेड लर्निंग प्लेटफॉर्म एट डी.एस.व्ही.सी.के.वी. विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डॉ.आर.सी.घोष, निदेशक शिक्षण एवं नोडल अधिकारी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के निदेशकगणों, अधिष्ठातागणों, प्राध्यापकगणों विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी की उपस्थिति में किया गया।

कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में स्थित भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान में कार्यरत समीर श्रीवास्तव, सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ द्वारा ष्इंप्लीमेंटेशन ऑफ एन.ए. आर.ई.एस. ब्लेंडेड लर्निंग प्लेटफॅार्म एट डी.एस.व्ही. सी.के.वी. विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षको, वैज्ञानिकों को अपना व्याख्यान दिया गया।

इस कार्यशाला में बताया गया कि शिक्षक, वैज्ञानिक अपने व्याख्यानों की प्रस्तुति भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वेबसाइट पर कैसे अपलोड कर सकते हैं। अपलोड करने का तरीका क्या होगा एवं विद्यार्थियों को उस प्रस्तुति, व्याख्यान एवं अध्ययन सामग्री को कार्यालयीन समय के अतिरिक्त अन्य समय पर आई.सी.ए.आर. के वेबसाइट पर जाकर देखने का तरीका क्या होगा इस पर विस्तृत जानकारी दी। कुलपति श्री कावरे ने समय-समय पर ऐसे व्याख्यान आयोजित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान शिक्षको/वैज्ञानिकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए लाभकारी होते है।

## राखी प्रदर्शनी में महिलाओं के स्वनिर्मित उत्पाद होंगे आकर्षण का केन्द्र

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला विंग द्वारा 30 जुलाई को सिटी सेंटर मॉल फरिश्ता काम्पलेक्स में राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पाद गिफ्ट हैम्पर्स,चॉकलेट्स,होममेड स्किन केयर एवं हर्बल कॉस्मेटिक, गोबर से निर्मित राखियां व अन्य उत्पाद,सूट्स, आभूषण,जूट बैग, बैकरी प्रोडक्ट,आचार,सूखे नास्ते,स्टेशनरी,छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के अलावा अन्य उत्पाद आकर्षण का केन्द्र होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए चेम्बर दुर्ग जिला महिला विंग अध्यक्ष सुश्री पायल जैन ने बताया कि राखी प्रदर्शनी का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। जो रात 8 बजे तक चलेगा।

## बीएसपी ने हाई कार्बन वायर रॉड्स के नए ग्रेड विकसित किए

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सदैव ही ग्राहकों की मांगों के अनुसार उपयुक्त विनिर्देशों और रसायनों के साथ उत्पादों के अनुकूलित ग्रेड विकसित कर अपने उत्पादों की श्रृंखला में नया आयाम स्थापित किया है। ये नए ग्रेड न केवल ग्राहकों की मांगों को पूरा करते हैं बल्कि विभिन्न परियोजनाओं में तथा नए अनुप्रयोगों में प्रयुक्त होते हैं।

अपनी इसी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए भिलाई स्टील प्लांट ने एसएमएस 3-डब्ल्यूआरएम रूट से हाई कार्बन वायर रॉड्स का एक नया ग्रेड विकसित किया है। इन वायर रॉड्स की रोलिंग 5.5 मिलीमीटर के आयामों में आईएस7904 ग्रेड एचसी38बी में की जा रही है। संयंत्र ने नए विकसित वायर रॉड्स ग्रेड के प्रारंभिक परीक्षणों के बाद, अप्रैल 2023 में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से आईएस 7904 का लाइसेंस प्राप्त कर लिया है। लाइसेंस प्राप्त करने के बाद बीएसपी ने आईएस 7904 में एचसी38बी ग्रेड के लिए मेसर्स एचडी वायर्स, इंदौर से ऑर्डर प्राप्त हुआ जिसके फ्लस्वरूप वायर रॉड्स के 55 बिलेट्स की पहली वाणिज्यिक रोलिंग 01 जुलाई 2023 को पूर्ण की गई। इस उत्पाद की रोलिंग व परीक्षण भिलाई स्टील प्लांट में ग्राहक की उपस्थिति में किया गया। ग्राहक की पूर्ण संतुष्टि के बाद हाई कार्बन वायर रॉड्स के 31 क्वॉइल की पहली खेप 26 जुलाई 2023 को मेसर्स एचडी वायर्स, इंदौर को भेजी गई है। यह भिलाई स्टील प्लांट से नए विकसित हाई कार्बन वायर रॉड्स का पहला प्रेषण है।

इन उच्च कार्बन वायर रॉड्स का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। जिनमें शामिल हैं अम्ब्रेला रिब वायर, हेयर पिन वायर और कपड़ा उद्योग के लिए हील्ड वायर व रीड वायर, स्पोक वायर, शटर स्प्रिंग वायर, अपहोल्स्ट्री स्प्रिंग्स, ऑटोमोबाइल स्प्रिंग्स, औद्योगिक स्क्रीन, ऑटो केबल्स, वायर रोप्स और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स।

## कथक नृत्यांगना देवीका दीक्षित की प्रस्तुति ने सबका जीता दिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर निवासी कथक नर्तकी देविका दीक्षित नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित नटनागर महोत्सव में सम्मानित की गई। यह महोत्सव स्व. गुरु पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज के जन्म उत्सव पर आयोजित की गई थी। देविका ने इस महोत्सव में 2 नृत्य प्रस्तुत किए। इस प्रस्तुतिकरण में गुरु पंडित कृष्णमोहन महाराज का योगदान रहा। वे पंडित बिरजू महाराज के छोटे भ्राता हैं। महोत्सव में देश के नामीगिरामी कथक नृत्यकारों ने अपने नृत्य की प्रस्तुति दी। कथक की महानयिका पद्मश्री स्व. सितारा देवी के सुपोत्र विशाल कृष्णा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। वे नटराज स्व. पंडित गोपीकृष्ण के भतीजे हैं। वे कथक के मंजे हुए कलाकार व शिक्षक भी हैं।इनके अलावा जयपुर घराने की मशहूर नृत्यांगनाएँ बिस्मिल्ला ख़ान पुरस्कार प्राप्त गौरी दिवाकर व विधालाल ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। दुर्ग निवासी देविका दीक्षित ने महोत्सव में सराहनीय प्रस्तुति दी। देविका विगत 21 वर्षो से कथक कर रही है। कथक में उन्होने एमए ,कोविद व विशारद की डिग्री हासिल की है।

# सात वार्डों में 1 करोड़ से होगा विकास ताम्रध्वज साहू ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। दुर्ग ग्रामीण विधायक व प्रदेश के लोक निर्माण, गृह व कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बुधवार को 1 करोड़ 12 लाख 77 हजार का भूमिपूजन किया। नगर पालिक निगम रिसाली के सात अलग-अलग वार्डों में विकास के लिए पूजा अर्चना कर शिला लेख का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से चर्चा भी की।**



भूमिपूजन करने मंत्री सबसे पहले रूआबांधा गांधी चौक पहुंचे। जहां नाली व सड़क सीमेंटीकरण करने भूमिपूजन किया। इसी तरह रूआबांधा दक्षिण, रूआबांधा पूर्व, एचएससीएल कालोनी रूआबांधा, रूआबांधा सेक्टर, रिसाली सेक्टर पूर्व व रिसाली सेक्टर पश्चिम में भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के दौरान महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, अनुप डे, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन, पार्षद विनय नेताम, रेखा देवी, सारिका साहू, डॉ. सीमा साहू, जमुना ठाकुर, डोमन बारले, टीकम साहू, ममता यादव, माया यादव, शीला नारखेड़े, संजू नेताम, एल्डरमेन संध्या वर्मा, शिशिर साहू, मो. निजाम आदि उपस्थित थे। मंत्री ताम्रध्वज साहू शाम 5 बजे वार्ड 11 एच पॉकेट हनुमान मंदिर के पास, 5:25 बजे वार्ड 12 एल पॉकेट ब्लॉक नं 11 के सामने, 5:50 बजे वार्ड 13 एवं वार्ड 14 राधा कृष्णा मंदिर के पास, 6:15 बजे वार्ड 09 छोटा दशहरा मैदान के सामने और शाम 6:45 बजे वार्ड 10 एकता मंच के सामने आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### इस कार्य के लिए तोड़ा नारियल

वार्ड 02 आर.सीसी नाली एवं सीसी रोड 13.99 लाख, वार्ड 3 सीसी रोड 13.99 लाख, वार्ड 04 नाली एवं सीसी रोड 14 लाख, सीसी रोड 14 लाख, वार्ड 5 नाली 14.27 लाख, वार्ड 6 पॉथवे निर्माण 11.23 लाख, नाली निर्माण 3.05 लाख, वार्ड 7 पुलिया, नाली निर्माण, सिमेंटीकरण 14.25 लाख, वार्ड 08 में स्ट्राम वॉटर डेऊेन 9.97 एवं पॉथवे निर्माण 4.02 लाख।

गृहमंत्री कार्यक्रम के दौरान जोहार चौक रिसाली में रूके। यहां पर उन्होंने सौंदर्यीकरण करने दिशा निर्देश दिए। भूमिपूजन के बाद गृहमंत्री वार्ड 19 विजय चौक पहुंचे। इस वार्ड में निगम द्वारा तालाब निर्माण कराया जा रहा है। मंत्री ने कार्य का अवलोकन करते हुए निगम आयुक्त आशीष देवांगन को तालाब सौंदर्यीकरण करने निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री बैकुंठ धाम मंदिर पहुंचे,और पार्षद - एल्डरमेन व नागरिकों से चर्चा की।

### एनपीएस के विरोध रेल कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन

## यूनियन ने की ओपीएस के बहाल करने की मांग, 10 अगस्त को जंतर-मंतर में प्रदर्शन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** NPS के विरोध और OPS की बहाली की मांग को लेकर मंगलवार को रेल कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मज़दूर कांग्रेस, रायपुर ने NC/JCM के आव्हान पर NFIR के बैनर तले NPS के विरोध और OPS के बहाली को लेकर मंडल रेल कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

इस दौरान मंडल समन्वयक डी विजय कुमार के नेतृत्व में करीब 450 लोगों ने प्रदर्शन किया। इसीक्रम 10 अगस्त 2023 को दिल्ली के जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान रायपुर मंडल के 11 शाखाओं के सभी शाखा सचिव उपस्थित हुए एवं सभी ने अपने उद्बोधन में NPS के नुकसान और OPS के फायदे को कर्मचारियों के बीच रखा। बता दें NPS में सर्विस के दौरान मौत होने पर फैमिली पेंशन मिलती है, लेकिन योजना में जमा पैसे सरकार जब्त कर लेती है। OPS में रिटायरमेंट पर GPF के ब्याज पर किसी प्रकार का इनकम टैक्स नहीं लगता है। NPS में रिटायरमेंट पर शेयर बाजार के आधार पर जो पैसा मिलेगा, उस पर टैक्स देना पड़ेगा। दरअसल यूनियन इसी का विरोध कर रहा है। प्रदर्शन कार्यक्रम में यूनियन के बीआर बोदलकर, बीडी प्रसाद, समीर पांडेय, राजेन्द्र सिंह एवं सी. नागेश्वर राव, एस.श्रीनिवास राव, उदय यादव, शाखा सचिव, ए शेष बाबू, प्रशांत कुमार, बाबेल जोशफ़ शाखा, पंकज शर्मा, प्रदीप कुमार प्रमोद शर्मा रुपेश वर्मा, रोबर्ट जोशफ़ राकेश कुमार, सह.सचिव, छबि कुमार, सह.सचिव, पीके जोशी, देवेश दुबे आदि लोगों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950